नवीनीकरण

कलीसिया के जीवन में ईश्वरीय योजना का सर्वेक्षण

ताकि अब कलीसिया के द्वारा परमेश्वर का विभिन्न प्रकार का ज्ञान प्रगट किया जाए।
(इफिसियों 3:10)

ड्वाइट स्मिथ

सैचुरेशन चर्च प्लांटिंग इंटरनेशनल सिरैक्यूज,
न्यूयॉर्क, संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा प्रकाशित
संयुक्त राज्य अमेरिका में मुद्रित

© 2017 सैचुरेशन चर्च प्लांटिंग
सारे अधिकार सुरक्षित हैं

अतिरिक्त जानकारी के लिए कृपया www.spcglobal.org को देखिये, info@scpglobal.org पर ई–मेल करिये, या 620 W Genesee Street, Syracuse, New York, 13204, U.S.A के पते पर पत्र भेजिए।

विषय वस्तु

प्रस्तावना

भाग 1

कलीसिया के लिए परमेश्वर का उद्देश्य

1. हम अपने राष्ट्र का इतिहास लिख रहे हैं

2. कलीसिया का उद्देश्य क्या है?

3. कलीसिया को अपनी सफलता को किस प्रकार मापना चाहिए?

4. हमारे जीवन का भण्डारीपन

भाग 2 अपने उद्देश्य को पूरा करने के लिए कलीसिया को सशक्त बनाना

5. यीशु ने अपनी कलीसिया को नेतृत्व दिया है

6. कलीसिया के नेतृत्व में अंतर्निर्भरता

7. अमेरिकी कलीसिया के लिए अब क्या?

परिशिष्ट 1: परमेश्वर की कलीसिया के लिए परमेश्वर के उद्देश्य को लागू करना

परिशिष्ट 2: हमारे उद्देश्य को दुनिया के अन्य जगह पर बढ़ाना

टिप्पणियाँ

प्रस्तावना

यह पुस्तक रेनोवेशनः डिवाइन डिजाइन इन द लाइफ ऑफ द चर्च का एक महत्वपूर्ण संपादन है, जिसे मैंने पहली बार 2010 में प्रकाशित किया था। इस छोटे संस्करण का उद्देश्य कलीसियाओं को उनकी कलीसिया के लिए और नेतृत्व करने वालों के लिए परमेश्वर के उद्देश्य का दर्शन प्राप्त करने के लिए एक सरल उपकरण प्रदान करना है। इसके अतिरिक्त, जब से मैंने पहला खंड लिखा था, मैंने इसमें नेतृत्व, शिष्यत्व, और अपने लोगों के लिए परमेश्वर के उद्देश्य की अवधारणाओं पर अधिक विस्तार से लिखा था, और अब इन सभी विषयों पर अलग अलग पुस्तकें उन लोगों के लिए उपलब्ध हैं जो इन मामलों की गहराई को मापना चाहते हैं। अतः हम कह सकते हैं कि यह पुस्तक कलीसिया के जीवन में ईश्वरीय योजना पर एक मिसाल है।

मैं उन अवसरों के लिए बहुत आभारी हूँ जो मुझे पिछले वर्षों में पूरी दुनिया में युवा पुरुषों और महिलाओं को प्रभावित करने के लिए मिले हैं। वे युवा अब परिपक्व हो गए हैं और ऐसे कलीसियाओं का निर्माण कर रहे हैं जो परमेश्वर की योजना को प्रतिबिंबित करते हैं और उस प्रयास का नेतृत्व कर रहे हैं जिसे हम संतृप्ति कलीसिया रोपण कहते हैं–सुसमाचार के लोगों के द्वारा सुसमाचार की उपस्थिति से प्रत्येक स्थान को संतृप्त करना। आप सब को धन्यवाद। आप कई वर्षों पहले मेरे दिल पर रखे गए बोझ की पूर्णता हैंः जो ईश्वरीय अगुवों की एक पीढ़ी को बढ़ाने के लिए विश्व में सुसमाचार प्रचार के कार्य को अपने शहरों, राष्ट्रों और उससे आगे तक ले जाएँगे।

ड्वाइट स्मिथ
2 मार्च 2017

भाग 1

कलीसिया के लिए परमेश्वर का उद्देश्य

1

हम अपने राष्ट्र का इतिहास लिख रहे हैं

अमेरिका की कलीसिया भटक गयी है। हाल के वर्षों में हमने पुरे दो हजार वर्षों के उन हजारों मसीह अनुयायियों की बुलाहट और प्रतिबद्धता को भूला दिया है या अनदेखा कर दिया है, या नीचा भी किया है, जिन्होंने हमारे प्रभु और उद्धारकर्ता, यीशु मसीह के भेजने की इस अंतिम आदेश को पूरा करने के लिए खुद को समर्पित कर दिया हैः "तुम जाओ, सब जातियों के लोगों को चेला बनाओ" (मत्ती 28:19 को देखिये)। परमेश्वर के इन महापुरुषों और स्त्रियों के दायित्व को लेने के बजाय, आज के पश्चिमी कलीसिया के अधिकांश लोगों ने लोगों को मसीह की ओर आकर्षित करने के प्रयास में, सुनहरी बातें करने वाले अगुवों, भव्य–गुणवत्ता वाले आराधना बैंड, बड़ी ईमारतों, और असंख्य सामाजिक कार्यक्रम के व्यवसाय के द्वारा प्रासंगिक बनने की कोशिश की है।

मैं इसे "आओ और देखो" रूपी नमूना कहना पसंद करता हूँ। हमारे दिनों में कलीसिया खुद को लोगों के इकट्ठा होने के स्थान के रूप में देखता है, जो अपनी ओर बड़ी मंडलियों को आकर्षित करता है। लेकिन आज हम जो करेंगे वह हमारे देश के इतिहास का हिस्सा बन जाएगा। क्या हम निश्चित हैं कि संयुक्त राज्यों की कलीसिया में हमने जो योजनायें बनाई हैं, वे पूरी तरह से बाइबल के स्तर के अनुसार हैं?

लगभग तीस साल पहले मेरी पत्नी, पैट्टी और मैंने सेचुरेशन चर्च प्लांटिंग सेवकाई (एससीपी) शुरू किया था। हमारा संदेश कोई नई बात नहीं है। यह केवल बाइबल की केंद्रीय कहानी का धर्म सैद्धान्तिक विस्तार है–कि परमेश्वर ने पापी लोगों को छुड़ाने और उन्हें उनके लिए उसके मूल उद्देश्य में पुनर्स्थापित करने और दो हजार वर्षों से कलीसिया ने अपने बारे में

जो कुछ भी समझा है उसके ऐतिहासिक विस्तार को पुनर्स्थापित करने के लिए एक उद्धारकर्ता को भेजा है।

बाइबल की कहानी वास्तव में काफी सरल है। यह उत्पत्ति में शुरू होता है, जहाँ हम पढ़ते हैं कि परमेश्वर ने पुरुषों और स्त्रियों को अपने स्वरुप में बनाया। उत्पत्ति के वृत्तांत से हम देखते हैं कि, पहला, परमेश्वर से संबंधित होने के लिए और दूसरा, उस स्थान पर जहाँ उसने उन्हें रखा था, वहाँ उसके द्वारा सृजित सभी चीजों के सक्रिय प्रबंधन के द्वारा दुनिया में उसका प्रतिनिधित्व करने के लिए मानवजाति की रचना की थी। हालांकि इसमें वे असफल रहे। उनकी विफलता के बाद से, परमेश्वर ने उनके पुनर्स्थापना को अपने हाथों में ले लिया, और यह कहानी पवित्रशास्त्र के पन्नों पर प्रकट होती है। परमेश्वर की दया और यीशु में एकपक्षीय कार्य के कारण, आत्मा के द्वारा, परमेश्वर ने पुरुषों और महिलाओं को उसकी रचना के अपने मूल योजना को पुनर्स्थापित करने के लक्ष्य के साथ अनुग्रह प्रदान कियाः ऐसा उसने उसके साथ संबंध रखने और उसका प्रतिनिधित्व करने के लिए किया। धार्मिकता की पुनर्स्थापना इस संसार का अंत होगा, केवल थोड़े स्थानों में ही नहीं, वरन सम्पूर्ण नए जगत में, जिसमें धार्मिकता राज्य करेगी, और लोग उनके लिए परमेश्वर की योजना में बढ़ते जाएँगे और परिपक्व होंगे।

सुसमाचार का केंद्रीय संदेश यह है कि आदम और हव्वा में स्थित परमेश्वर के मूल स्वरुप में पुरुषों, स्त्रियों और बच्चों को पुनर्स्थापित किया जा सकता हैः हमारे स्थान पर उसके पुत्र, अंतिम आदम की मृत्यु, गाड़े जाने और पुनरुत्थान के द्वारा हम उसके साथ संबंध स्थापित कर सकते हैं और उसका प्रतिनिधित्व कर सकते हैं, जिसका अर्थ है कि हम उसके और उसके राज्य की उपयोगिता के लिए पुनर्स्थापित हो गए हैं, जिसमें हम यीशु में अपने जीवन का विश्वासयोग्यता से प्रबंधन करने के द्वारा, हर उस स्थान पर जहाँ पवित्र आत्मा प्रतिदिन हमारी अगुवाई करता है, परमेश्वर की दया के संदेश का देहधारण बन जाते हैं। हमारा जीवन इस बात का सबसे स्पष्ट प्रमाण बन जाता है कि सुसमाचार में मानवता के पाप की स्थिति को ठीक करने की सामर्थ्य है।

जैसा कि परमेश्वर के लोगों की पिछली कई पीढ़ियाँ यह समझ चुकी हैं कि, परमेश्वर खोए हुए पुरुषों और स्त्रियों को अपने लिए छुड़ाने और उसके साथ संबंध और उसके प्रतिनिधित्व के लिए उन्हें पुनर्स्थापित करने के मिशन पर है। और इसी में उसकी कलीसिया के लिए परमेश्वर का उद्देश्य निहित हैः हम, जो पहले से ही छुड़ाए गए लोग हैं, इस मिशन में सेवक हैं। जब हम प्रतिदिन उसके वचन के द्वारा और जब तक हम पृथ्वी पर होते हैं तब तक अपने व्यक्तिगत और विशेष बुलाहट में उसका प्रतिनिधित्व करने के द्वारा परमेश्वर के साथ संबंध में होते हैं, तो हम परमेश्वर की महिमा करते हैं और दूसरों को उसमें पुनर्स्थापित करने के लिए आकर्षित करने के लिए उसके द्वारा उपयोग किये जाते हैं। परमेश्वर के लोगों के

द्वारा प्रत्येक घर, कार्यस्थल, समुदाय, शहर, और राष्ट्र को सुसमाचार के संदेश के साथ भर देने को एससीपी में हम संतृप्त इंजिलवाद कहते हैं।

इफिसियों 3:8–11 में पौलुस अपने लोगों के लिए परमेश्वर के इस उद्देश्य की घोषणा करता हैः "अनुग्रह दिया गया . . . ताकि अब कलीसिया के द्वारा परमेश्वर का विभिन्न प्रकार का ज्ञान प्रधानों और अधिकारियों पर जो स्वर्गीय स्थानों में हैं, प्रगट किया जाए। उस सनातन मनसा के अनुसार जो उसने हमारे प्रभु मसीह यीशु में की थी।" अनंतता यीशु में परमेश्वर के चमत्कारी कार्यों का एक श्रोता है, और कलीसिया वह वर्तमान पात्र है जिसका उपयोग वह आत्मिक प्रधानों और अधिकारियों पर इसको प्रदर्शित करने के लिए करता है। इन सांसारिक क्रियाओं का ध्यान समय पर नहीं बल्कि अनंतता पर होता है; वे परमेश्वर के सनातन उद्देश्य में निहित हैं।

जब हम एससीपी में कलीसिया के बारे में बात करते हैं, तो हम कलीसिया करने के नये तरीके को फिर से शुरू करने की कोशिश नहीं करते हैं, बल्कि एक भटकती हुई पीढ़ी को पवित्रशास्त्र की कहानी की याद दिलाते हैंः यह हमारे बारे में नहीं है; यह परमेश्वर और उसके छुटकारे के कार्यों के बारे में है। तब, कलीसिया, सुसमाचार में निहित इस छुटकारे के कार्य और उसके उद्धार के प्रस्ताव को उसकी शेष सृष्टि तक पहुँचाने के लिए परमेश्वर का वर्तमान साधन है।

जब हम नेतृत्व के बारे में बात करते हैं, तो हम एक भटकती हुई पीढ़ी को याद दिला रहे हैं कि नेतृत्व केवल एकमात्र उद्देश्य के लिए मौजूद हैः कलीसिया को एक सम्पूर्ण देह के रूप में और व्यक्तिगत सदस्यों के रूप में, पूर्ण रूप से और विश्वासयोग्यता से परमेश्वर की इस योजना में स्थानांतरित करना।

जब हम अपनी दुनिया के प्रत्येक संदर्भ में कलीसिया के लिए परमेश्वर के इस उद्देश्य को रणनीतिक रूप से लागू करने के बारे में बात करते हैं, तो हमने उन अन्य पीढ़ियों के विश्वासयोग्य अनुयायियों से जो सीखा है उसे स्थानांतरित कर रहें हैं, जिन्होंने उन जगहों पर परमेश्वर का प्रतिनिधित्व करने की कोशिश की है जहाँ उनमें से प्रत्येक को सेवा के लिए बुलाया गया है।

मिशन पर परमेश्वर की कलीसिया

फिर से यह कहना चाहूँगा, कि यह शिक्षा नयी नहीं है। इस भण्डारीपन में भाग लेने के अपने लगभग पचास वर्षों में, मैं कम से कम तीन अन्य पीढ़ियों का पता लगा सकता हूँ जो हमसे

पहले जा चुकी हैं और जिनसे हमने सीखा है। पचास साल पहले, केनेथ स्ट्रैचन जैसे कई पुरुष संतृप्ति सुसमाचार प्रचार के बारे में बात कर रहे थे। उन्होंने पूछा, कि यदि कलीसिया ने अपने प्रयासों को एक विशिष्ट स्थान पर एक विशिष्ट समय के लिए एक साथ केंद्रित किया होता, तो क्या हम सुसमाचार को पूरी दुनिया तक ले जाने के कार्य को पूरा होते हुए देख सकते थे? उसने बहुत कुछ सीखा, उसने बहुत कुछ हासिल किया, लेकिन बहुत कुछ सीखा जाना बाकी रह गया था। अगली पीढ़ी ने इस अनुभव को अस्वीकार नहीं किया; उन्होंने इससे सीखा और उस सीख को आगे बढ़ाया।

मेरे जीवन के चालीस से अधिक वर्षों के लिए मुझे डोनाल्ड मैकगवरन जैसे पुरुषों के द्वारा सोचने और सीखने के लिए प्रेरित किया गया है, जिसने विश्वासियों को लोगों की गतिविधियों के बारे में सोचने के लिए आमंत्रित किया; राल्फ विंटर, जिसने यीशु के अनुयायियों को यह सोचने के लिए आमंत्रित किया कि दुनिया में कितने लोग हैं और उन तक पहुँचने में वे कितने दूर हैं; जिम मोंटगोमरी, जिसने परमेश्वर के लोगों को यह पूछने के लिए चुनौती दी थी कि क्या हर छोटी से छोटी जगह में एक कलीसिया स्थापित करने के द्वारा किसी व्यक्ति या स्थान को सुसमाचार से संतृप्त करना प्रभावशाली रूप से पूरा किया जा सकता है। कई और लोग अपनी–अपनी बारीकियों और परिवर्धन को लेकर आए, और मैंने उन सभी से सीखा।

इन पिछले चालीस वर्षों में यीशु मसीह की कलीसिया ने पूरी दुनिया में अभूतपूर्व वृद्धि का अनुभव किया है। जब मैंने लगभग पचास साल पहले इस भण्डारीपन में अपनी यात्रा शुरू की, तो कई लोगों ने महसूस किया कि सुसमाचार प्रचार का गिलास आधा खाली था। आज मैं एक ऐसी पीढ़ी का हिस्सा बनकर खुश हूँ जो उन बातों को देख रही है जिसके बारे में कई अन्य पीढ़ियों ने पूरा होने का सपना देखा, प्रतिक्रिया दी, और बलिदान कियाः अधिक से अधिक पुरुष और महिलाएँ वैश्विक स्तर पर मसीह के पास आ रहे हैं। हम दर्शन को जी रहे हैं!

मेरे जीवनकाल के दौरान आज की आशीष में योगदान करने के लिए परमेश्वर के द्वारा बड़ी सभाओं और परिणामी गतिविधियों का उपयोग किया गया है। बर्लिन में इंजीलवाद पर 1966 के विश्व सम्मेलन ने कलीसिया–रोपण गतिविधियों के श्रृंखला की शुरुआत की। डॉन मिनिस्ट्रीज के जिम मोंटगोमरी ने इस सम्मेलन को पूरे राष्ट्रों के लिए कलीसिया–रोपण की रणनीति के लिए अपनी खोज के लिए चिंगारी के रूप में उद्धृत किया। 1970 और 80 के दशक में लॉजेन की कई सभाओं ने दुनिया भर से पुरुषों और महिलाओं को आमंत्रित किया और दुनिया के बारे में और उस दुनिया तक पहुँचने के लिए उन्हें क्या करना होगा उसके बारे में मसीह की देह में एक नई चेतना उत्पन्न की। 'एडी 2000, कलीसिया रोपण संतृप्ति के लिए गठबंधन' जैसे आँदोलन, जो मसीह को नहीं जानने वाले लोगों के लिए आँदोलन था, और

इसके जैसे कई अन्य आँदोलन, पृथ्वी के छोर तक *मिसियो देई* रूपी परमेश्वर की योजना का विस्तार करने के लिए अस्तित्व में आए।

फिर भी यह पचास साल की छोटी समीक्षा लोगों और आंदोलनों के केवल एक छोटे से हिस्से को दर्शाती है जो पृथ्वी पर कलीसिया के दो हजार साल के जीवनकाल में चलाए गए हैं। जब प्रारंभिक कलीसिया बिखरी हुई थी (प्रेरितों के काम 8:1 को देखिए), तब प्रेरितों ने इस आंदोलन को शुरू किया, जिसमें थोमा ने भारत तक सुसमाचार को पहुँचाया और पौलुस ने पूरे रोमी साम्राज्य में प्रचार किया। पॉलीकार्प, उल्फिलास, पैट्रिक और कोलँबा जैसे लोगों के माध्यम से यह विस्तार कई सौ वर्षों तक जारी रहा। रोमन कैथोलिक कलीसिया में उन लोगों की कमी नहीं थी जो कलीसिया के द्वारा प्रेरितों को भेजने की प्रकृति को समझते थे। बोनिफेस, रेमंड लुल, मैथ्यू रिक्की, और कई अन्य लोगों ने सुसमाचार को दुनिया तक पहुँचाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। मोरावियों ने प्रोटेस्टेंट रिफार्मेशन के बाद के शुरुआती दिनों में नेतृत्व किया और आधुनिक मिशनरी आँदोलन की स्थापना की, जो तीन सौ वर्षों तक जारी रहा।

आज कलीसिया अकेली नहीं खड़ी है। हम केवल एक सफल पीढ़ी हैं जिसका उपयोग परमेश्वर संबंध और प्रतिनिधित्व के लिए लोगों का पुनर्निर्माण करने के अपने मिशन को पूरा करने के लिए कर रहा है। हम कई अन्य लोगों के कंधों पर खड़े होते हैं, उनसे सीखते हैं और उस शिक्षा का विस्तार करते हुए आशा करते हैं कि सुसमाचार प्रचार का कार्य पूरा हो और धार्मिकता का संसार स्थापित हो जाए!

जैसा कि हम लगातार एससीपी की शिक्षाओं पर जोर देते हैं, कि परमेश्वर संसार में जो कुछ भी करेगा, वह मसीह के सारे लोगों के माध्यम से ही करेगा। मसीह के लोग दुनिया को, और स्वर्गीय स्थानों की रियासतों और शासकों को इस बात की घोषणा करने के लिए परमेश्वर की शानदार रचना हैं, कि हम उसके लिए और उसके उद्देश्यों के लिए बनाए गए हैं। परमेश्वर को विफल नहीं किया जाएगा। उसकी मूल रचना को उसके पुत्र, यीशु मसीह की मृत्यु, गाड़े जाने और पुनरुत्थान के द्वारा पुरुषों और महिलाओं में पुनर्स्थापित किया जाएगा।

मसीही जीवन, परमेश्वर के राज्य में, आराधना के कार्य के रूप में निवेश करने के लिए ही है। लेकिन हमें इसे प्रभावी ढँग से निवेश करने के लिए, हमें अपने दैनिक जीवन में परमेश्वर की प्रभुता के अधीन रहना सीखना चाहिए! परमेश्वर के लोगों में परमेश्वर के वचन का उपयोग करते हुए पवित्र आत्मा हम में परिवर्तन का काम करता है, ताकि हम अपने जीवन के इस निवेश को प्रस्तुत कर सकें। वह ऐसा हमें परमेश्वर के मूल और एकमात्र इरादे में पुनर्निर्मित करने के द्वारा करता है: वह अपने लिए ऐसे लोगों का निर्माण करता है जो उसके जैसे हैं, उसके लिए जीते हैं, और दुनिया में उसका प्रतिनिधित्व करते हैं। और क्योंकि

परमेश्वर ने हमें मसीह की देह का हिस्सा बनने के लिए रचा है, यह परिवर्तन हमारे जैसे अन्य लोगों के साथ उस देह की चमत्कारी संगति में आता है जिसे परमेश्वर ने अपना बनाया हैः कलीसिया।

जब परमेश्वर के पास अपना मार्ग होता है

"देखो परमेश्वर ने क्या किया है" की घटनाओं का हर पीढ़ी का अपना हिस्सा होता है! जब अपने लोगों के लिए उपाय करने और उनके माध्यम से दूसरों को अपने सुसमाचार की व्याख्या करने की बात आती है, तो हमारा परमेश्वर छोटे और बड़े चमत्कारों का परमेश्वर है। लेकिन उसके आदेश के संदर्भ में कि हम उसके सुसमाचार को सभी लोगों तक ले जाएँ, परमेश्वर हमारी पीढ़ी में इतिहास की किसी अन्य पीढ़ी की तुलना में अधिक कर रहा है।

सोलहवीं शताब्दी में सुधार के पीछे, प्रोटेस्टेंट मिशनों की एक नई लहर शुरू हुई थी। अठारहवीं शताब्दी के मध्य से लगभग 1900 तक इस आँदोलन का नेतृत्व यूरोपीय लोगों ने किया। मिशनों की यह लहर द्वितीय विश्व युद्ध तक जारी रही और संख्या के अनुसार, यह इतना था जितना कलीसिया ने पहले कभी नहीं देखा था, इसे मिशन में भेजने का सबसे बड़ा प्रयास कहा जा सकता है।

लेकिन बीसवीं सदी के अंत तक, पवित्र आत्मा कुछ नया उत्पन्न कर रहा था। कई राष्ट्रों से कई मिशनरी, जिनमें से कई गैर–पश्चिमी थे, दुनिया भर में सुसमाचार प्रचार करने के लिए भेजे जा रहे थे। यीशु की कलीसिया अपनी यहूदी और बाद में यूरोपीय जड़ों से दुनिया भर के देशों में फैल रही थी। दुनिया भर में लाखों मसीहीयों ने उस बात को प्रदर्शित किया जिसे उन्नीस सौ वर्षों की कलीसिया ने पहले कभी पूर्णता में नहीं देखा थाः यीशु मसीह की कलीसिया, हर जाति और भाषा और राष्ट्र से, दुनिया भर में सामर्थ्य और स्थायित्व के साथ स्थापित की जा रही थी।

इसका एक अच्छा उदाहरण भारत की कलीसिया है। 1987 में कलीसिया के सत्तावन अगुवों के एक समूह ने मुलाकात की और दो प्रश्न पूछेः परमेश्वर भारत के लिए क्या चाहता है? और यदि परमेश्वर ने वह किया होता जो वह इस देश में करना चाहता था, तो यह देश कैसा दिखता? दो हजार वर्षों तक कई लोगों ने उस देश की तेजी से बढ़ती हुई जनसँख्या के लिए सुसमाचार को लाने का प्रयत्न किया था; 85 करोड़ लोगों के देश में अन्य पीढ़ियों के द्वारा किया गया श्रम इन सत्तावन अगुवों में नहीं खोया था। इन प्रतिनिधियों ने निष्कर्ष निकाला कि परमेश्वर चाहता था कि भारत में प्रत्येक पुरुष, महिला और बच्चे को उसके साथ मेल–मिलाप करने का बार–बार अवसर मिले। जब उन्होंने स्वयं को इस कार्य में लगाया, तो

उन्होंने पाया कि जब परमेश्वर ने वह किया जो वह करना चाहता था तो यह कैसा दिखता है।

उनके सामने आने वाली चुनौतियों के बावजूद, परमेश्वर के उद्धार के दमदार संदेश ने और सभी जातियों को चेला बनाने के लिए हमारे प्रभु के अंतिम आदेश ने उन्हें यह विश्वास करने के लिए प्रेरित किया कि वे अद्वितीय, दैवीय रूप से शुरू किए गए अवसर के क्षण में पहुँच गए हैं। इसलिए उन्होंने परमेश्वर की बुलाहट को स्वीकार किया और यह सुनिश्चित करने के लिए अपना मन लगा दिया कि भारत में प्रत्येक पुरुष, महिला और बच्चे को सुसमाचार को समझने और उसकी प्रतिक्रिया देने का बार–बार अवसर मिले। उन्होंने ऐसा दस लाख नयी कलीसिया स्थापित करने के उद्देश्य से किया, या, जैसा कि उन्होंने इसे समझा, कि हर गाँव में और हर शहर के हर मोहल्ले में एक कलीसिया स्थापित हो। वे जानते थे कि भारत में सुसमाचार के साथ पूरी तरह से पहुँचने के लिए, यीशु के अनुयायियों का एक समूह होना आवश्यक था, जो प्रत्येक पुरुष, महिला और बच्चे तक आसानी से पहुँच सकें।

उनके आज्ञाकारी विश्वास के परिणाम किसी चमत्कार से कम नहीं रहे हैं। यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी कि पिछले तीन दशकों में, उस देश में मसीह को स्वीकार करने वाले मसीहीयों की सँख्या मसीही इतिहास में सबसे बड़ी कलीसिया बनाने जितनी बढ़ चुकी है, जो 2.5 करोड़ मसीहीयों से बढ़कर 15 करोड़ और 1987 में सिर्फ 100,000 से अधिक कलीसिया से बढ़ कर 600,000 से अधिक हो गई है।

राष्ट्रों को सुसमाचार के साथ बहते हुए देखने का ऐसा दर्शन मसीह की देह में नया नहीं है। पिछले चालीस वर्षों में फिलीपींस, भारत, ग्वाटेमाला और अन्य देशों में राष्ट्रीय कलीसियाओं के द्वारा इसी तरह के दर्शन का चयन किया गया है। उदाहरण के लिए, 1974 में फिलीपींस की कलीसिया को पता था कि परमेश्वर उन्हें उनके देश में उनके जीवनकाल में सभी तक सुसमाचार पहुँचाने के लिए कह रहा था। उस समय उस देश में चार हजार से भी कम कलीसिया थी। अपने देश के बारे में उन्होंने जो किया था उसे जानते हुए, विश्वासियों ने माना कि वर्ष 2000 तक, हर पुरुष, महिला और बच्चे के लिए सुसमाचार को पूरी तरह से सुलभ बनाने के लिए कलीसिया को पचास हजार स्थानों पर होने की आवश्यकता होगी। विश्वास से, यह जानते हुए कि आगे उन्हें दशकों तक कड़ी मेहनत करनी होगी, उन्होंने इस दर्शन का दावा किया और इसे गंभीरता से लिया। और परमेश्वर की स्तुति हो, कि उसने वर्ष 2000 तक उन पचास हजार कलीसियाओं को स्थापित किया!

पश्चिमी कलीसिया क्या सीख सकता है?

पश्चिमी कलीसिया, जैसा कि हमने देखा, काफी हद तक उस तरह के दर्शन से भटक गया है जो यीशु मसीह के सुसमाचार के साथ पूरे राष्ट्रों तक पहुँचने का प्रयास करता है। भारत और फिलीपींस जैसी कलीसियाओं में कुछ सिद्धाँत कौन से हैं जिन्हें वे यहाँ पश्चिम की कलीसियाओं को सिखा सकते हैं?

जब परमेश्वर एक राष्ट्र में कार्य करता है, तो वह स्वदेशी लोगों के माध्यम से कार्य करता है। दूसरे शब्दों में, परमेश्वर स्थानीय संदर्भों में स्थानीय लोगों का उपयोग करता है। सैचुरेशन चर्च प्लांटिंग (एससीपी) ने मिशनरियों को विभिन्न संस्कृतियों में इस अवधारणा का उपयोग करते देखा है। स्वदेशी लोगों के माध्यम से सुसमाचार का प्रसार सबसे महत्वपूर्ण तरीका है जिसमें परमेश्वर कार्य करता है। हर गाँव, हर मोहल्ले, हर शहर को इसमें यीशु के क्रूस के द्वारा परिवर्तित साधारण लोगों की आवश्यकता होती है। हर व्यवसाय में और हर गली में हमें यीशु के प्रेम को साझा करने वाले मसीह के अनुयायियों की आवश्यकता है। इस तरह परमेश्वर के द्वारा अपने पुत्र में दिए गए मेल–मिलाप के संदेश को किसी देश में मानवीय संबंधों के हर संदर्भ में देखा, छुआ और सुना जा सकता है। परमेश्वर के लोग यह घोषणा करते हुए कि कब्र वास्तव में खाली है सुसमाचार की कहानी के देहधारण बन जाते हैं।

जब परमेश्वर एक राष्ट्र में कार्य करता है, तो वह बड़े पैमाने पर कलीसिया की एकता के माध्यम से कार्य करता है। ऐसी बहुत चीजें हैं जो किसी भी राष्ट्र में कलीसिया के कई भावों को विभाजित कर सकता है। लेकिन कोई भी राष्ट्रीय कलीसिया जो यीशु के सुसमाचार के साथ अपने ही लोगों को पूरी तरह से चेला बनाता है, ऐसा इसलिए करता है क्योंकि वह उन शाश्वत वास्तविकताओं को समझता है जो हर मण्डली को उसकी सीमाओं के अंदर एकजुट करती हैं। यह संयुक्त राज्य अमेरिका में कम सच नहीं है। यदि केवल 5.2 करोड़ अमेरिकी किसी भी रविवार को कलीसिया में हैं (जैसा कि शोध स्पष्ट करता है) और एक बहुत छोटा प्रतिशत ऐसा मसीही जीवन जी रहा है जैसा कि बाइबिल में दर्शाया गया है, तो लगभग 30 करोड़ अमेरिकियों को सुसमाचार सुनाये जाने या पुनः सुसमाचार सुनाये जाने की आवश्यकता है। संयुक्त राज्य में कलीसियाओं को विभाजित करने वाले मुद्दे लोगों की सुसमाचार के लिए जरूरत की तुलना में कमजोर हैं, यहाँ तक कि वहाँ भी जहाँ गहरे धार्मिक विश्वास मौजूद हैं।

जब परमेश्वर एक राष्ट्र में कार्य करता है, तो वह नयी कलीसियाओं की गुणात्मक वृद्धि करने के द्वारा कार्य करता है, न कि केवल मौजूदा कलीसियाओं के आकार को बढ़ाता है। हम इस पाठ को प्रेरितों के काम की पुस्तक से सीखते हैं, जहाँ कलीसिया की स्थापना करने के बारे में सिखाया या वर्णन भी नहीं किया गया है–यह माना जाता है! जैसे ही प्रेरितों और कलीसिया के सामान्य सदस्यों द्वारा सुसमाचार को रोमी दुनिया में लाया गया, लोगों ने इसके

प्रति प्रतिक्रिया दी। इन लोगों को तब कलीसिया माना जाता था, और उन्हें नए समुदायों में संगठित करने के लिए कदम उठाए गए जिन्हें कलीसिया या मण्डली कहा जाता था।

यह सीख स्पष्ट रूप से भारत और फिलीपींस में फलवन्त रूप से स्थापित की गयी स्थानीय कलीसियाओं के गुनात्मक वृद्धि से स्पष्ट है। लोगों से सुसमाचार की प्रतिक्रिया मिलने के लिए, इसे उनके गाँव तक पहुँचाया जाना चाहिए। ऐसा कई तरह से हो सकता है। हालाँकि, सबसे प्रभावी तरीका हमेशा उन लोगों के लिए रहा है जो भौगोलिक रूप से पास–पास के गाँव या शहर में रहते हैं, या एक ही स्थान में रहते हैं–स्थानीय मण्डली के रूप में वे अपने विश्वास को इस तरह से जीते हैं कि सुसमाचार को न सिर्फ सुना जा सके, बल्कि देखा जा सके, और महसूस किया जा सके। जब यीशु के अनुयायियों की देह लोगों के बीच सुसमाचार का देहधारण कर लेता है, तब एक देश में प्रत्येक पुरुष, महिला और बच्चे तक सुसमाचार पहुँचाया जा सकता है। हाँ, कुछ कलीसियाएँ काफी बड़े हो जाएँगे, लेकिन उनका आकार उनके अपने फायदे के लिए नहीं होना चाहिए। उनकी विशालता, उनके विशाल संसाधनों के साथ, अन्य गाँवों और पड़ोस में कलीसियाओं को अपनी पहुँच के अंदर स्थापित करने के लिए परमेश्वर के हाथों में एक उपकरण बनना चाहिए। हाल के शोध से पता चला है कि इस तरह के जीवन का निर्वहन करने वाली कलीसियाओं में उन कलीसियाओं की तुलना में तीन गुना तेजी से विकास होता है जो कि बस आकार में बड़े हो जाते हैं!

जब परमेश्वर एक राष्ट्र में कार्य करता है, तो वह लोगों को उनके स्थानीय क्षेत्र के लिए प्रार्थना करने के लिए प्रेरित करने के द्वारा कार्य करता है। जब हम केवल किसी स्थान के लिए प्रार्थना करने के बजाय, किसी विशेष स्थान के लिए प्रार्थना करना शुरू करते हैं, तो हम विशिष्ट व्यक्तियों और परिवारों के लिए प्रार्थना और देखभाल करना शुरू करते हैं। जब हम किसी विशिष्ट स्थान पर विशिष्ट लोगों के लिए प्रार्थना करने के लिए समर्पित होते हैं, तो परमेश्वर उस स्थान पर जो कर रहा है, उसका हिस्सा बनने के लिए हमारा हृदय प्रेरित होता है। हम उस स्थान के लोगों के लिए सुसमाचार की आवश्यकताओं के उत्तर का भाग बनना चाहते हैं। प्रार्थना एक शक्तिशाली उपकरण है। परमेश्वर के द्वारा एक विशिष्ट स्थान और वहाँ के लोगों के लिए प्रार्थना का उपयोग पहले से मौजूद कलीसियाओं के माध्यम से हर गाँव और मोहल्ले में काम करने के लिए किया जाता है, और लोग यीशु मसीह के सुसमाचार के प्रति अधिक प्रतिक्रियाशील हो जाते हैं।

इस प्रकार की प्रार्थना कलीसिया को अधिक एकता की ओर ले जाती है। यह हमें लगातार याद दिलाता है कि हमारे विभाजन प्रत्येक राष्ट्र में उन बहुत से लोगों की तुलना में फीका है जिन्हें अभी भी यीशु के माध्यम से परमेश्वर के साथ मेल–मिलाप करने के लिए बुलाए जाने की आवश्यकता है।

आइए अपने राष्ट्र का इतिहास लिखें

संयुक्त राज्य अमेरिका की कलीसिया की तुलना में आज कोई भी राष्ट्र अपनी पूरी आबादी तक सुसमाचार पहुँचाने का अधिक अवसर नहीं रखता है। ऐतिहासिक सँस्थाओं और राष्ट्र में निर्मित होने वाली कई नयी सँस्थाओं के बीच सहयोग की आज की बढ़ती भावना परमेश्वर के हाथों में एक बड़ा उपकरण हो सकता है। इस तरह की एकता को प्राप्त करना वास्तव में काफी सरल हैः अमेरिकी मसीहीयों को कलीसियाओं का एक आँदोलन बनना चाहिए जो यह मानने को तैयार हों कि इस राष्ट्र का पूर्ण अनुशासन हमारे जीवनकाल में प्राप्त करने योग्य है। हमें विश्वास करना चाहिए कि संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रत्येक पुरुष, महिला और बच्चे को परमेश्वर के साथ मेल–मिलाप करने का बार–बार अवसर मिल सकता है।

इतिहास हमारे विचार के लिए कुछ महत्वपूर्ण वास्तविकताओं को प्रदर्शित करता है।

सबसे पहले, हमें यह महसूस करने की आवश्यकता है कि कलीसिया के बारे में हम जितना सोचते हैं यह उससे बड़ी है। हम स्वयं जो विश्वास करते हैं मसीह की देह केवल उन बातों पर विश्वास करने वाले लोगों से अधिक से बना है। हमारी धार्मिक प्राथमिकता नहीं, बल्कि पवित्रशास्त्र, प्रेरित है। परमेश्वर जो कहता है वह बिना त्रुटि के आता है। मनुष्य परमेश्वर के बारे में जो कहता है वह हमेशा कुछ त्रुटि के साथ आता है।

दूसरा, कलीसियाओं को एक साथ प्रार्थना करने के लिए तैयार रहना चाहिए। अपने पूरे राष्ट्र तक सुसमाचार पहुँचाने के आँदोलन के लिए यह आवश्यक है हमें अपने लिए प्रार्थना करने की नहीं बल्कि राष्ट्र में जो कुछ करने की आवश्यकता है उसके लिए प्रार्थना करने की आवश्यकता है। इसका मतलब यह नहीं है कि हम पड़ोसी कलीसियाओं और सँस्थाओं पर आशीष की प्रार्थना नहीं करते हैं, लेकिन सबसे बढ़कर हम अपनी प्रार्थनाओं को परमेश्वर के हृदय के साथ जोड़ते हैं, जो चाहता है कि हर पुरुष, महिला और बच्चे को सुनने, छूने, महसूस करने, और सुसमाचार की प्रतिक्रिया देने का अवसर मिले।

ऐसे कई तरीके हैं जिनसे हम एक साथ प्रार्थना कर सकते हैं। पड़ोस, शहर, या गाँव की मण्डलीयों के विशिष्ट क्षेत्र के लिए एक साथ प्रार्थना शुरू करने के लिए प्रत्येक सप्ताह या महीने में एक दिन निकालना सबसे प्रमुख है। इसके अलावा, हम कभी–कभी ऐसे दिन और स्थान नियुक्त कर सकते हैं जिनमें बड़ी संख्या में कलीसिया और अगुवे अपने शहरों, कस्बों और गाँवों के लिए प्रार्थना करने के लिए एक या उससे अधिक दिन के लिए साथ आ सकते हैं। अंततः, सँस्था के अगुवे अन्य सँस्थाओं के अगुवों के साथ मिलने के लिए अलग समय

निर्धारित कर सकते हैं, जिसका एकमात्र उद्देश्य राष्ट्र के उन स्थानों और लोगों के बारे में प्रार्थना करना है जहाँ सुसमाचार का प्रचार करने की आवश्यकता है।

तीसरा, हम सहयोगपूर्वक लक्ष्यों को अपना सकते हैं। हम सब एक साथ जुड़ सकते हैं और अपने विश्वास की पुष्टि कर सकते हैं कि परमेश्वर वास्तव में देखना चाहता है कि 30 करोड़ अमेरिकियों को उसके साथ मेल–मिलाप करने का बार–बार अवसर मिलता है।

अंततः, हम उन लोगों में शामिल होने के द्वारा अपने स्वयं के प्रयासों को दोगुना कर सकते हैं जिनका उपयोग परमेश्वर हमारे जीवनकाल में संयुक्त राज्य अमेरिका में पूरी तरह से सुसमाचार को पहुँचाने के लिए करता है। हम अन्य कई कलीसियाओं को कई कलीसियाएँ स्थापित करना सिखा सकते हैं। हम नयी कलीसियाओं की स्थापना को अपनी पहली प्रतिबद्धता बनाने के लिए और अधिक अगुवों को प्रशिक्षित कर सकते हैं। हम इस कार्य पर ध्यान केंद्रित करने के लिए अपने विज्ञप्तियों, उपदेशों और कार्यक्रमों का उपयोग करके संदेश प्रदान करने में मदद करने के लिए अपने सभी संसाधनों को बेहतर बना सकते हैं।

संयुक्त राज्य अमेरिका और पश्चिमी दुनिया में समय आ पहुँचा है। अवसर की ऐसी खिड़की हमेशा के लिए खुली नहीं रहेगी। हम एससीपी में प्रार्थना कर रहे हैं कि आने वाले वर्षों में इस कार्य को पूरा करने के लिए परमेश्वर अपने लोगों के बीच समर्पण, एकता और संसाधनों का निर्माण करेगा। क्योंकि यह अब से अधिक सत्य पहले कभी नहीं रहा है–हम अपने राष्ट्र का इतिहास लिख रहे हैं।

2

कलीसिया का उद्देश्य क्या है?

आज दुनिया भर के लोगों के द्वारा सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न पूछा जाता है कि कलीसिया का उद्देश्य क्या है? पश्चिमी कलीसिया नेतृत्व में कई लोग इसका उत्तर जानने का अनुमान लगाते हैं। लगभग हर प्रशिक्षण स्कूल के पाठ्यक्रम इस विषय का अध्ययन कराते हैं। स्थानीय कलीसिया के पास्टर इस पर उपदेश देते हैं। संबंधित कलीसिया सँस्थाएँ इस उत्तर का निश्चय देने वाले बहु–दिवसीय संगोष्ठियों के लिए पैक की गई महँगी सामग्री के साथ चमकदार विज्ञापन वितरित करते हैं। बड़ी कलीसिया के अगुवे दुनिया भर के खोए हुए और

भूखे लोगों के लिए आने और जवाब प्राप्त करने के लिए दिखाना–और–बताना सप्ताहाँत कार्यक्रम आयोजित करते हैं।

लेकिन अगर पश्चिमी कलीसिया दुनिया में कलीसिया की भूमिका को सही मायने में समझता है, तो पश्चिम में कई दुखी लोग मसीहत का विरोध क्यों करते हैं? आँकड़े एक दिलचस्प कहानी बताने से ज्यादा बयाँ करते हैं। वे प्रचलन को प्रकट करते हैं, यदि वे अपरिवर्तित हैं, तो यह संकेत मिलता है कि पश्चिम में सँस्थागत मसीही स्थानीय कलीसिया जीवन का भविष्य सबसे अच्छे रूप में अप्रासंगिकता की ओर और सबसे खराब रूप में विलुप्त होने की ओर अग्रसर है। मुझे यहाँ गलत मत समझिए। मैं यह नहीं कह रहा हूँ कि सुसमाचार मृत हो जाएगा या यीशु के अनुयायी पश्चिमी देशों में नहीं मिलेंगे। बल्कि, सैकड़ों वर्षों से हम जिन सार्वजनिक और सँस्थागत रूपों को जानते हैं, वे गहरे संकट में हैं।

यदि आप एक मिशनरी हैं या एक राष्ट्रीय कलीसिया के अगुवे हैं जो पश्चिम और उसकी समस्याओं से दूर है, तो आप सोच रहे होंगे, *इसका मुझसे क्या लेना–देना है?* इसका आपसे बहुत कुछ लेना–देना है, क्योंकि पश्चिमी विचार और कलीसिया के अभ्यास को सैकड़ों वर्षों से पूरी दुनिया में फैलाया गया है–और यह अब भी जारी है। हमारे पास जो बीज है, केवल वही है जिसे हम पुनः उत्पन्न कर सकते हैं। अगर हम पूरी दुनिया में हजारों और नयी कलीसियाएँ स्थापित करना चाहते हैं, तो पश्चिम में हमारे पास जो बीज है, वह प्रामाणिक रूप से बाइबल आधारित होना चाहिए और खुद को पुनः हजारों बार उत्पन्न करने में सक्षम होना चाहिए। हम खराब गुणवत्ता वाले बीज का रोपण नहीं कर सकते हैं जो सीधे भरोसेमंद प्रजनन के खिलाफ काम करता है और लगातार, फलदायी परिणाम की उम्मीद करता है।

मेरी खोज

मेरे स्वयं की लम्बी यात्रा ने मुझे कलीसिया को एक वस्तु के रूप में पहचानने से लेकर एक जीवित शारीरिक रचना के रूप में कलीसिया के बारे में नई खोजों और पवित्र आत्मा के कार्य के द्वारा हर जगह अपने आप को स्वाभाविक रूप से पुनः उत्पन्न करने के लिए परमेश्वर के उद्देश्य तक ले आया है।

जब मैं तीस वर्ष का था, तब तक मेरी पत्नी, पैट्टी, और मैंने सेवकाई में, पहले अमेरिका के एक स्थानीय कलीसिया में युवा लोगों के साथ काम करते हुए, फिर बाद में लैटिन अमेरिका में मिशनरियों के रूप में, और अंत में दक्षिणी कैलिफोर्निया की एक बढ़ती हुई कलीसिया में लगभग दस वर्ष बिताए थे। मैं अपने सपने को जी रहा था–वचन का प्रचार कर रहा था और सैकड़ों को मसीह की देह में जुड़ते हुए देख रहा था। मैं सोचता था कि अगर

कोई कलीसिया को समझता है, तो वह मैं हूँ। आखिरकार, क्या मैंने इफिसियों की पुस्तक पर एक लोकप्रिय शिक्षण श्रृंखला को हाल ही में समाप्त नहीं किया था?

लेकिन उस समय परमेश्वर ने, बिना आमंत्रण के, मेरी संतुष्टि पर आक्रमण किया। उसने मुझे यह सवाल पूछने के लिए मजबूर किया कि ये सभी लोग कहाँ से आ रहे हैं। मेरे निष्कर्ष असहज थे क्योंकि मैंने कुछ बातों को पहली बार देखा था। मैंने महसूस किया कि प्रभु मुझसे पूछ रहा है, "ड्वाइट, क्या तुमने मेरी कलीसिया को एक भंडार घर के रूप में बदल दिया है ताकि लोग आकर तुम्हारी बातों को सुनें और दूसरों को गाते हुए सुनें और दूसरों को सेवकाई करते हुए देखें?" मुझे लगा जैसे परमेश्वर मुझसे पूछ रहा है, "कलीसिया का उद्देश्य क्या है?"

मुझे यह स्वीकार करना पड़ा कि मैं वास्तव में नहीं जानता था; और यदि मेरे साथी पास्टर मुझे मूर्ख नहीं बना रहे थे, तो उनमें से अधिकांश लोगों को भी नहीं पता था। इसके अलावा, इस अनुभव को प्राप्त करने से कुछ ही साल पहले स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद, मुझे एक ऐसा अंतर्ज्ञान था जिसके बारे में मेरे अधिकाँश प्राध्यापकों को भी नहीं पता था। मुझे इस सवाल का पूरी तरह से सामना करना पड़ाः अमेरिकी कलीसिया क्या थी, हम यहाँ किस लिए थे, और हमने कलीसिया की संरचना जिस प्रकार की थी उसका इस बात से क्या सम्बन्ध था? सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जब हम अपने समुदायों और कार्यस्थलों में बिखरे हुए थे तो इससे हमारे आसपास के लोगों पर क्या प्रभाव पड़ा?

प्रचार, आराधना, छोटे समूह और यहाँ तक कि सुसमाचार प्रचार जितना महत्वपूर्ण था, मुझे विश्वास हो गया कि ये बातें कलीसिया का उद्देश्य नहीं थीं। जब मैंने विचार किया, मुझे इस बात का एक बेहतर विचार प्राप्त हुआ कि कलीसिया क्या नहीं थी, लेकिन कलीसिया के उद्देश्य के बारे में एक गहरी धारणा प्राप्त करने से पहले मुझे काफी साल हो गए थे। यात्रा में, परमेश्वर ने मुझे नेतृत्व पर महत्वपूर्ण सबक सिखाया जिसे मैं अपनी सेवकाई के प्रारंभिक दिनों में पूरी तरह से आत्मसात करने की स्थिति में नहीं था।

इस मुद्दे पर परमेश्वर की आत्मा के साथ मेरी अगली मुलाकात पहली मुलाकात के लगभग पाँच साल बाद हुई। 1979 के अक्टूबर की शुरुआत में, पैट्टी और मैंने खुद को एक नए कलीसिया स्थापना में शामिल पाया जो तेजी से हजारों लोगों में विकसित हुआ। हम दस वर्षों तक इस मण्डली का हिस्सा थे, और अंत में हम एक अन्य कलीसिया में नेतृत्व के लिए पहुँचे जो इसी मण्डली से स्थापित की गयी थी। हमारे यहाँ लगभग हर सप्ताह बपतिस्मा होता था, हमारी संख्या बढ़ रही थी, और पाँच साल के अंदर हम बाईस सौ लोगों तक बढ़ चुके थे। यदि किसी को प्रचार करते हुए सुनने के लिए सैकड़ों लोगों का एकत्रित होना सफलता का संकेत था, तो हजारों की संख्या का क्या अर्थ होगा? बड़ी भेंटें, बड़ी आराधना

सेवाएँ—हमारे पास वह सब कुछ था जो कोई भी नयी कलीसिया कभी चाह सकती थी। मुझे लगा कि शायद मेरे जीवन में पहली बार, मैं कलीसिया के वास्तविक उद्देश्य को समझने के करीब पहुँच रहा हूँ। आखिरकार, हमारी मंडली बढ़ रही थी, लोग उद्धार पा रहे थे, और हमारे पास एक मिशन कार्यक्रम था जो पूरे अमेरिका की कलीसियाओं के लिए ईर्ष्या का विषय था।

हालाँकि, ज्यादा समय नहीं हुआ था, उससे पहले परमेश्वर की आत्मा ने मुझे फिर से प्रश्न करने करने के लिए प्रेरित किया। मैं किसी भी तरह से उन लोगों के उद्देश्यों पर जो मेरे साथ सेवकाई में थे या उन अच्छी बातों पर जो हमारी कलीसिया में पूरी हुई थीं, सवाल नहीं उठा रहा हूँ। लेकिन मुझे बस यह पूछने के लिए प्रेरित किया गया, "वास्तव में यहाँ क्या हो रहा है?" मैंने कुछ चीजों का पता लगायाः पहला, हमारी कलीसिया में जोड़े गए अधिकाँश लोग अन्य मण्डलीयों से आए थे, और दूसरा, लोगों के द्वारा यीशु को अपने उद्धारकर्ता के रूप में विश्वास करने के छह महीने बाद, उनमें से बड़ी संख्या हमारी मण्डली में नहीं पाई गई।

इस समय के दौरान मैं अगुवों के एक समूह का हिस्सा था जो उस क्षेत्र की कलीसिया के बारे में जहाँ हम रहते थे, वही सवाल पूछ रहे थे, और हमारी संयुक्त खोजों ने हमारी अपनी कलीसियाओं में हमारे व्यक्तिगत निष्कर्षों को मान्य किया। हमने पाया कि हमारे क्षेत्र में हमारे आस—पास की आबादी की तुलना में विश्वासियों की संख्या घट रही थी। हमने यह भी पाया कि हमारे क्षेत्र में कलीसियाओं की संयुक्त वृद्धि का एक बड़ा प्रतिशत कलीसिया स्थानाँतरण से आया है। अंत में, हमने महसूस किया कि अगर हमारे क्षेत्र में हमारी कलीसियाओं में उपस्थित होने वाले प्रत्येक व्यक्ति के बच्चे यीशु के अनुयायी बन जाएँ तो उससे जो वृद्धि होगी उसकी तुलना में कलीसियाओं की संयुक्त वृद्धि कम थी। हमने फिर से प्रश्न पूछा, कलीसिया का उद्देश्य क्या है?

इस सबने मुझे मसीह की देह के उद्देश्य के बारे में कुछ निश्चित विश्वासों को प्राप्त करने के लिए परमेश्वर के वचन की एक गंभीर खोज में वापस ले गया, जो मुझसे अब तक दूर था। जब मैंने खोज की, तो मैंने पाया कि केवल मैं ही उसकी कलीसिया के लिए परमेश्वर के उद्देश्य की खोज करने वाला नहीं था; इतिहास उन पुरुषों और महिलाओं से भरा पड़ा है जिन्होंने मसीह की देह के लिए परमेश्वर के सुंदर और प्रभावशाली रचना की खोज की है और उसे जीया है। मैंने जो खोजा—वह सत्य जिसे मुझसे पहले दूसरे लोग जानते थे—उसने कलीसिया के बारे में मेरे दृष्टिकोण और दुनिया के लिए परमेश्वर की योजना में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को हमेशा के लिए बदल दिया। मेरी कहानी का सबसे दुखद हिस्सा यह है कि उत्तर मुझसे कभी भी दूर नहीं थेः पौलुस ने इफिसियों की अपनी पत्री में लगभग उन सभी चीजों को स्पष्ट रूप से समझाया था जिसे हमें जानने की जरूरत है।

मुझे क्या मिला

दो हजार साल पहले परमेश्वर ने मानव इतिहास में चमत्कारिक रूप से हस्तक्षेप किया था, और उसके हस्तक्षेप में तीन पहलू शामिल थेः मसीह की मृत्यु, उसका पुनरुत्थान, और कलीसिया का निर्माण।

यीशु एक यहूदी दुनिया में, मानव रूप लेकर आया, जो मसीहा के आगमन के द्वारा स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिए उत्सुक था। उसके शानदार आगमन का उत्साह ज्यादा समय तक नहीं रहा, कम से कम यह राजनीतिक स्वतंत्रता लाने के लिए पर्याप्त नहीं था। लेकिन स्पष्ट विफलता जीत के लिए परमेश्वर की बुनियाद थी। वह अधिकांश लोगों के लिए अपरिचित था, लेकिन अपने पुनरुत्थान के द्वारा यीशु यहूदियों के राजा से भी बढ़कर बन गया; वह दुनिया का उद्धारकर्ता बन गया। फिर, जब प्रेरितों के मन में एक बार फिर से जीत की उम्मीद जगी, तो यीशु को उनके बीच में से स्वर्ग की ओर उठा लिया गया। परन्तु उसके उठा लिए जाने ने मानव इतिहास में परमेश्वर के तीन चमत्कारी हस्तक्षेप के अंतिम भाग को निर्मित किया, जिसने इस त्रिएकता को पूरा कियाः कलीसिया का निर्माण, जैसा कि पौलुस इफिसियों 2:10–3:11 में बताता है। ये वचन बाइबल में कलीसिया के सम्बन्ध में पाई जाने वाली सबसे व्यापक कथन को प्रस्तुत करते हैं।

पद 2:11–18 में पौलुस हमें कलीसिया से परिचित कराता है। वह अपने अन्यजातिय पाठकों को याद दिलाता है कि वे पहले प्रतिज्ञा के उद्धारकर्ता और मसीहा के बिना आत्मिक निराशा में जी रहे थे। उनके लिए "मानवता" का कोई अर्थ नहीं था, क्योंकि वे परमेश्वर के चुने हुए लोगों का हिस्सा नहीं थे। इस खालीपन में परमेश्वर ने चमत्कारिक रूप से यीशु को न केवल यहूदियों का बल्कि उन सभी का जो उसके नाम से पुकारते थे, उद्धार करने के लिए भेजकर हस्तक्षेप किया था। यीशु के द्वारा परमेश्वर ने वह किया जिसकी पृथ्वी पर किसी व्यक्ति ने अपेक्षा नहीं की थीः उसने अपने आप में यहूदी और अन्यजातियों दोनों का आपस में मेल–मिलाप कर लिया, इस प्रकार कलीसिया की रचना कीः "पर अब मसीह यीशु में तुम जो पहले दूर थे, मसीह के लहू के द्वारा निकट हो गए हो . . . कि वह दोनों से अपने में एक नया मनुष्य उत्पन्न करके मेल करा दे" (इफि. 2:13–15)। कलीसिया मसीह की नई सृष्टि है; यह उसका है! पृथ्वी पर कोई भी मानवीय सँस्था परमेश्वर से संबंधित चीजों को परिभाषित या नियंत्रित करने का अनुमान नहीं लगा सकता है, न ही इसकी अनुमति दी जानी चाहिए।

वचन 2:19–22 में पौलुस हमें परमेश्वर की नई सृष्टि की अनूठी प्रकृति को प्रकट करने के लिए इस चमत्कारी सत्य को निर्मित करता हैः

> इसलिये तुम अब विदेशी और मुसाफिर नहीं रहे, परन्तु पवित्र लोगों के संगी स्वदेशी और परमेश्वर के घराने के हो गए। और प्रेरितों और भविष्यद्वक्ताओं की नींव पर, जिसके कोने का पत्थर मसीह यीशु स्वयं ही है, बनाए गए हो। जिसमें सारी रचना एक साथ मिलकर प्रभु में एक पवित्र मन्दिर बनती जाती है, जिसमें तुम भी आत्मा के द्वारा परमेश्वर का निवासस्थान होने के लिये एक साथ बनाए जाते हो।

इन चार पदों की छोटी सी अवधि में, पौलुस चार रूपकों के माध्यम से परमेश्वर के कार्य का वर्णन करने के लिए आगे बढ़ता हैः परमेश्वर के चमत्कारी हस्तक्षेप ने यहूदी और अन्यजातियों को समान रूप से एक नई राष्ट्रीयता प्रदान की है; वे परमेश्वर के लोग हैं। उसने उन्हें एक नई वंशावली, यीशु की वंशावली दी है, और वे एक नया परिवार हैं। उसने उनमें से एक नया निवासस्थान बनाया है, एक ऐसा मंदिर जिसमें परमेश्वर स्वयं निवास करता है। पुराने नियम का आराधना केंद्र और गतिविधि परमेश्वर के नए शरणस्थान में स्थानांतरित हो जाती हैः मसीह की देह, कलीसिया!

उसके लोगों में परमेश्वर के निवास की प्रकृति अनोखा है। यह देह उसके प्रेरितों और भविष्यवक्ताओं की सेवकाई और लेखों के द्वारा परमेश्वर के वचन के प्रकाशन पर निर्मित किया गया है। यीशु स्वयं संरचनात्मक प्रतिरुप है जो यह निर्धारित करता है कि यह नया मंदिर कैसा दिखेगा। मसीह के सभी लोग व्यक्तिगत रूप से (1 कुरि. 6:19 देखिये) और सामूहिक रूप से भी (इफि. 2:20–21 देखिये) परमेश्वर का निवासस्थान हैं। इस नए सामूहिक मंदिर के अंदर, परमेश्वर प्रत्येक व्यक्ति को वहाँ रखता है जहाँ वह चाहता है कि वह हो। प्रत्येक व्यक्ति के अंदर एक गुणात्मक विशिष्टता बनाए रखते हुए, परमेश्वर का सिद्ध निर्माण प्रत्येक व्यक्ति को उस व्यक्ति के रूप में विकसित होने की सबसे बड़ी क्षमता प्रदान करती है जो वह चाहता है कि प्रत्येक व्यक्ति हो। तब लोग अपने आस–पड़ोस और बाजारों में या जहाँ कहीं भी वे रहते हैं और काम करते हैं मसीह की ज्योति को प्रज्जवलित कर सकते हैं।

दुनिया भर में पवित्र आत्मा व्यक्तियों, परिवारों और स्थानीय कलीसियाओं के इस प्रसार का उपयोग मसीह की देह में जोड़ने के लिए करता है। मसीह तब वापस आएगा जब सुसमाचार की यह सेवकाई, जो मसीह के प्रत्येक व्यक्ति के द्वारा पवित्र आत्मा के माध्यम से जिया और बोला जाता है, अपनी सम्पूर्ण कार्रवाई को पूरा कर लेगी (मत्ती 24:14 देखिये)।

यद्यपि मसीह के लोग परमेश्वर के मंदिर को निर्मित करने के लिए एक साथ जुड़े हुए हैं, प्रत्येक व्यक्ति एक ऐसा व्यक्ति बना रहता है जो अनोखे तरीकों से बढ़ता और परिपक्व होता रहता है। इस प्रकार मसीह के लोगों में से प्रत्येक की बढ़ती आत्मिक परिपक्वता और संपूर्ण रूप में परिपक्व होती हुई देह भी परमेश्वर के सुसमाचार संदेश को इस तरह से प्रस्तुत करता है कि हमारे आस–पास की दुनिया में प्रत्येक पुरुष, महिला और बच्चे को परमेश्वर के

शुभ संदेश को सुनने, समझने और स्वीकार या अस्वीकार करने का अवसर मिलता है। यह बढ़ती हुई आध्यात्मिक परिपक्वता वह रूप है जिससे कलीसिया का संख्यात्मक विकास हो सकता है। इस प्रकार परमेश्वर ने अपने देह की रचना की है; यह एक आनुवांशिक प्रतिरुप है जिसे उसने कलीसिया की कार्यप्रणाली में बुना है।

यह स्वाभाविक रूप से कलीसिया के बारे में पौलुस के अंतिम और सबसे महत्वपूर्ण प्रकाशन की ओर ले जाता हैः "यह अनुग्रह हुआ . . . ताकि अब कलीसिया के द्वारा, परमेश्वर का विभिन्न प्रकार का ज्ञान उन प्रधानों और अधिकारियों पर जो स्वर्गीय स्थानों में हैं, प्रगट किया जाए। उस सनातन मनसा के अनुसार, जो उसने हमारे प्रभु मसीह यीशु में की थी" (इफि. 3:8–11)। कई बार परमेश्वर की इस नई रचना का भव्य लेकिन सरल उद्देश्य अत्यधिक संरचित संस्था में खो जाता है जिसे आज बहुत से लोग कलीसिया कहते हैं। यहाँ पौलुस की घोषणा से, हम पाँच महत्वपूर्ण वास्तविकताओं को देखते हैं।

शुरू से ही परमेश्वर का एक ही उद्देश्य रहा है। पौलुस परमेश्वर के उद्देश्य की इस विलक्षणता पर जोर देता है–लोगों को पाप से छुड़ाना और उन्हें उसके साथ संबंध और उसके प्रतिनिधित्व के लिए पुनर्स्थापित करना–न केवल उसके व्याकरण के चुनाव के द्वारा (परमेश्वर के उद्देश्य का बहुवचन के बजाय एकवचन होना) बल्कि भूतकाल में परमेश्वर के छिपे हुए कार्य का उल्लेख करने के द्वारा भी इसे स्पष्ट करता है। यद्यपि यह अस्पष्ट हो सकता है, फिर भी यह आदम और हव्वा के पाप करने के बाद से ही पुरे इतिहास में स्वयं काम कर रहा है। इस क्षण से पहले जो कुछ भी गुजर गया वह तैयारी थी, और इसके बाद जो कुछ भी आने वाला है वह पूर्णता है।

पृथ्वी पर इस समय के लिए परमेश्वर के पास केवल एक ही उपकरण हैः कलीसिया। परमेश्वर जो कुछ भी पड़ोस, शहरों, राज्यों और यहाँ तक कि दुनिया के राष्ट्रों में करने वाला है, उसे वह मसीह के प्रत्येक व्यक्ति के माध्यम से करेगा। सुसमाचार की कहानी को जीने और कहने से किसी को भी नहीं छोड़ा जा सकता है। अब जब यीशु परमेश्वर के दाहिनी ओर है, तो वह अपने प्रत्येक अनुयायी के द्वारा अपने अनुग्रह की कहानी सुनाएगा। इस कार्य में कोई भी तुच्छ नहीं है; कोई भी अनावश्यक नहीं है।

मसीह में परमेश्वर के कार्य का रहस्यमयी अनुग्रह (इफि. 3:8 देखिये) मसीह के प्रत्येक व्यक्ति के द्वारा विशेष, अनोखी, संपूर्ण, और अंततः सार्वभौमिक अभिव्यक्ति प्राप्त करेगा। विश्वासियों की अपनी अनुग्रह कहानियों को बताने की यह सेवकाई विशेष है क्योंकि मसीह के प्रत्येक व्यक्ति ने इसे ग्रहण किया है–दूसरे शब्दों में, मसीह के प्रत्येक अनुयायी को अपनी कहानी दूसरों के साथ साझा करने के लिए बुलाया गया है। यह अनोखी है क्योंकि प्रत्येक व्यक्ति ने इसे अपने तरीके से ग्रहण किया है; हर व्यक्ति की कहानी किसी और की कहानी के

समान नहीं है; हर एक के बिना यह अधूरा है, और उन सभी के साथ यह उस पूरी कहानी को बयाँ करता है जिसे परमेश्वर बताना चाहता है। इस प्रकार, यह संपूर्ण है क्योंकि सभी व्यक्तिगत कहानियाँ किसी दिन सम्पूर्ण कहानी में जुड़ जाएँगी। अंततः यह सार्वभौमिक है क्योंकि अनुग्रह के सुसमाचार का प्रचार पूरी दुनिया में किया जाएगा। हर जाति, भाषा और राष्ट्र के लोग इसके द्वारा परिवर्तित होंगे।

परमेश्वर के अनुग्रह का यह विशेष, अनोखी, संपूर्ण और सार्वभौमिक प्रदर्शन समय से परे रहने वाली अदृश्य शक्तियों के लिए अनंत रहस्य है। शैतान इसे नहीं समझता है। शैतान और उसके दुष्टात्मा पाप और दण्ड को जानते हैं, परन्तु वे अनुग्रह को नहीं समझ सकते हैं। हालांकि, जिब्राईल और स्वर्गदूत की सेना, परमेश्वर के पुत्र मसीह को जानते हैं, और वे मानते हैं कि लाखों कलीसियाओं के अंदर, मसीह के प्रत्येक लोग, अनुग्रह के रहस्य का एक विशेष और सार्वभौमिक अभिव्यक्ति है।

पौलुस का यह कथानक पाप के कारण खराब हुई एक अच्छी योजना को बचाने के प्रयास में परमेश्वर के द्वारा एक क्षणिक स्वभाविक प्रतिक्रिया को प्रकट नहीं करता है। इसके बजाय, यह सटीक रूप से चीजों के लिए परमेश्वर के अनंत क्रम के समान हो जाता है। प्रभु न केवल मसीह के प्रत्येक व्यक्ति के द्वारा अनुग्रह के रहस्य को मूर्त रूप में प्रदर्शित कर रहा है, बल्कि वह इसे अनंत काल के लिए भी पूरा कर रहा है।

मेरा निष्कर्ष

अंत में मैं परमेश्वर की योजना को देखने में सक्षम था! मसीह की कलीसिया लोगों को प्रचार करने या आराधना सेवाओं के लिए इकट्ठा करने के लिए भंडार घर नहीं है। यह लोगों को अच्छे चारित्रिक गुणों के बारे में सिखाने के लिए कार्यक्रमों की प्रस्तुति करने वाला मौलिक क्लब नहीं है। यह हमारे लिए अच्छे मित्र और संगति खोजने के लिए एक सामाजिक क्लब नहीं है। ये सभी कलीसिया के कार्य के उचित परिणाम हो सकते हैं, लेकिन वे कलीसिया का अंतिम उद्देश्य नहीं हो सकते हैं और न ही होने चाहिए। परमेश्वर हमें जहाँ भी बुलाता है वहाँ मसीह की कलीसिया के प्रत्येक सदस्य के द्वारा सुसमाचार को जीना ही हमारा उद्देश्य है।

कई विश्वासी कलीसिया में परमेश्वर की रचना की जटिलता से नहीं बल्कि इसकी सरलता से अभिभूत हैं। लोग कलीसिया में सँस्थागत संरचना के लिए शोर मचाते हैं क्योंकि वे सुरक्षा चाहते हैं, और नेतृत्व का पालन होता है क्योंकि वे महत्व की तलाश करते हैं। मसीह की देह को संरचना की आवश्यकता है, और सुरक्षा और महत्व पाप नहीं हैं। लेकिन जब संरचना संस्था की ओर ले जाती है, और जब लोग सुसमाचार के साथ दुनिया के उद्देश्यपूर्ण

जुड़ाव से ज्यादा सुरक्षा को चुनते हैं और अगुवे मसीह के लोगों की मापी गई शक्ति से ज्यादा संस्थागत महत्व का चयन करते हैं, तो कलीसिया पाप का शिकार हो जाता है। जब नेतृत्व ऐसा होने देता है, तो वे पवित्र आत्मा के अलावा, उस एकमात्र सबसे महत्वपूर्ण साधन को काट देते हैं, जिसे परमेश्वर ने हमें दुनिया से जुड़ने के लिए दिया हैः उसके लोग।

मेरी सारी शोध ने मुझे चार निष्कर्षों तक पहुँचाया जो उस नींव का निर्माण करते हैं जिससे हम मसीह के सभी लोगों को इस्तेमाल कर सकते हैं, नई कलीसिया स्थापित कर सकते हैं, और यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि किसी भी पड़ोस, शहर, क्षेत्र या राष्ट्र में प्रत्येक पुरुष, महिला और बच्चे के पास यीशु में परमेश्वर के अनुग्रह के प्रस्ताव को सुनने, समझने और प्रतिक्रिया करने का अवसर प्राप्त हो।

पहला, परमेश्वर इस संसार में जो कुछ भी करेगा, उसे वह मसीह के सारे लोगों के द्वारा ही करेगा।

दूसरा, परमेश्वर जो कुछ भी मसीह के सारे लोगों के द्वारा इस संसार में करेगा, उसे वह ऐसे नेतृत्व के माध्यम से करेगा जो मसीह के लोगों को सशक्त बनाने के कार्य को उच्च प्राथमिकता देता है।

तीसरा, जो कुछ भी परमेश्वर मसीह के सारे लोगों के द्वारा संसार में करेगा, उसे वह मुख्य रूप से एक विकेन्द्रीकृत नेतृत्व संरचना के माध्यम से करेगा।

चौथा, परमेश्वर संसार में जो कुछ भी करेगा, उसे वह स्थानीय कलीसियाओं के माध्यम से करेगा जो सुसमाचार और उसके विस्तार के लिए जाने, भेजने, सहभागी होने, सहयोग करने, और जिम्मेदार ठहरने में सीधे तौर पर शामिल है।

जवाबदेही का एक चक्र निर्मित करना

मेरी खोज ने मुझे कलीसिया के बारे में और नेतृत्व के कार्य के बारे में एक और निष्कर्ष पर पहुँचाया कि इसे इसके ईश्वरीय उद्देश्य में इस्तेमाल करना हैः जब वे मसीह के लोगों को सशक्त बनाते हैं, तो नेतृत्व की ओर से व्यक्तिगत धोखे की सम्भावना, मजबूत होती है।

कलीसिया के बारे में पश्चिमी कलीसिया का धर्मशास्त्र हमारे दिनों में इतना कमजोर और अधूरा है कि अगुवों को भी यह विश्वास हो जाता है कि किसी भवन या कार्यक्रम में जो भी हो रहा है वह मसीह के लोगों और दुनिया दोनों के साथ उनकी प्रभावशीलता का एक वैध माप है। यह भ्रम लोगों और अगुवों पर समान रूप से अपना जादू बिखेरता है, जिससे हमें

ईमानदारी से विश्वास हो जाता है कि अगर लोगों को हमारी कलीसियाओं में जोड़ा जा रहा है, या हमारे लोग संतुष्ट हैं, या हमारी मंडलियाँ आत्मा से भरी हुई हैं, तो हम मसीह की कलीसिया के रूप में अपना उद्देश्य पूरा कर रहे हैं।

वास्तव में, जैसा कि हम आज पश्चिम में देखते हैं, लोग परमेश्वर के साथ अपनी सारी घनिष्ठता खो रहे हैं। हम यह तर्क प्रस्तुत करते हैं कि भले ही हमारे शहरों में कलीसिया की संख्या कम हो रही है, अगर हमारी अपनी कलीसिया बढ़ रही है या संतुष्ट है, तो हमें ठीक होना चाहिए। वास्तव में, यह सोचने से ज्यादा कि हम ठीक हैं, हमें यह विश्वास कराके धोखा दिया जाता है कि हमारी कलीसिया दूसरों के अनुकरण के लिए एक आदर्श है।

जैसे–जैसे मैंने कलीसिया के बारे में बाइबल आधारित विश्वास प्राप्त किए, मुझे उन विश्वासों का एक रणनीतिक अनुप्रयोग विकसित करना पड़ा ताकि यह सोचकर खुद को धोखा न दिया जा सके कि परमेश्वर का उद्देश्य हमारे बीच में पूरा किया जा रहा है, जबकि वास्तव में हो सकता है कि हमारी वृद्धि झुँड मनोविज्ञान और भँडारण से अधिक कुछ भी नहीं है। मैं इस रणनीतिक अनुप्रयोग को "जवाबदेही का चक्र" कहता हूँ।

जवाबदेही का एक चक्र बनाने का अर्थ है पवित्र आत्मा से हमारी स्थानीय मण्डलियों को हमारे चारों ओर एक भौगोलिक क्षेत्र प्रदान करने के लिए कहना जिसमें हम यह सुनिश्चित करने के लिए अपने सभी संसाधनों को सशक्त और इस्तेमाल कर सकें कि एक विशिष्ट समय सीमा में प्रत्येक पुरुष, महिला और बच्चे को सुनने, समझने, और यीशु को अपने उद्धारकर्ता के रूप में स्वीकार या अस्वीकार करने का अवसर मिल सके।

हमें मसीह के विश्वास में आने वालों को एक स्थानीय कलीसिया के जीवन में शामिल होने के लिए सक्षम करने की भी आवश्यकता है जो उन्हें उनके स्वयं के याजकीय अधिकार का अभ्यास करने के लिए सशक्त बनाता है (1 पतरस 2:9 देखिये) और इस प्रकार स्वर्गीय पिता के साथ घनिष्ठता में बढ़ते है, और उन सभी रिश्तों में जिन्हें परमेश्वर की आत्मा ने उन्हें दिया है, अनुग्रह की अपनी अनूठी कहानियों को उन्हें बताने के लिए उन्हें सशक्त बनाता है और जवाबदेह ठहराता है, और उन्हें उनके आत्मिक वरदानों की पहचान करने और उन्हें कलीसिया में, और सबसे महत्वपूर्ण बात कि दुनिया में, जहाँ वे अपना अधिकाँश समय व्यतीत करते हैं, इस्तेमाल करने के लिए एक वातावरण प्रदान करता है।

जवाबदेही का चक्र मुझे विरासत में प्राप्त कलीसिया के धर्मशास्त्र के ठीक विपरीत है। मेरी शुरुआती सोच ने हमारी कलीसिया की प्रभावशीलता को एक विधि के द्वारा मापा, जिसे मैं "अंदर से बाहर की ओर सोच" कहता हूँ–इसके द्वारा कि हम बढ़े या नहीं। मैं अपनी कलीसिया को एक मानदंड के रूप में इस्तेमाल करता था और कई बार संतुष्ट, सुरक्षित और यहाँ तक कि आत्मतुष्टि से परिपूर्ण महसूस करता था। हमारे लोग कहाँ से आए थे और

कलीसिया के बाहर अपने रिश्तों में अपने विश्वास के साथ वे क्या कर रहे थे, यह द्वितीयक था।

दूसरी ओर, बाहर से अंदर की ओर सोच ने, मुझे पूरे समुदाय की वास्तविकताओं के बीच में, जिसमें हम रहते हैं, और उसी समुदाय में मसीह की व्यापक देह के सहयोग में कलीसिया के सुसमाचार के उद्देश्य के अनुसार, हमारी कलीसिया का मूल्याँकन करने के लिए प्रेरित किया। मूल प्रश्न यह बन गया था, कि क्या हम उस समुदाय तक पर्याप्त मात्रा में सुसमाचार पहुँचा रहे हैं जिसमें हम रहते हैं? और यह एक ऐसा प्रश्न है जिसे मापना आसान है।

तो, हमारे लिए केवल एक ही प्रश्न बचा है, कि कितने प्रतिशत ऐसे लोगों से हम संतुष्ट होंगे जो हमारी कलीसियाओं में भाग लेते हैं और अपने विश्वास के साथ कुछ नहीं करते हैं? उस प्रश्न का हमारा उत्तर यह निर्धारित करेगा कि हमारी कलीसियाओं के लोग क्या विश्वास करते हैं कि उनका उद्देश्य क्या है और क्या हम वास्तव में उस दुनिया से जुड़ सकते हैं जिसमें हम रहते हैं।

3

कलीसिया को अपनी सफलता को कैसे मापना चाहिए?

आदि में परमेश्वर ने नर और नारी को अपने स्वरूप में बनाया। पुरे ब्रह्माँड में कुछ भी मानवीय सृष्टि की अनूठी संरचना के समान नहीं है; न जानवर, न प्राकृतिक दुनिया, न ही स्वर्गदूत। ब्रह्माँड की बाकी सारी चीजों से अलग, परमेश्वर ने आदम और हव्वा और उनकी सँतानों को दो स्पष्ट उद्देश्यों के लिए बनाया थाः उसके साथ सम्बन्ध में होने और उसका प्रतिनिधित्व करने के लिए।

सम्बन्ध और प्रतिनिधित्व का यह संदेश पुरे बाइबल के पन्नों में पाया जाता है। व्यवस्था प्रदान करने में, मूसा ने सम्बन्ध के बारे में लिखा हैः "हे इस्राएल, सुन, यहोवा हमारा परमेश्वर है, यहोवा एक ही है; तू अपने परमेश्वर यहोवा से अपने सारे मन, और सारे जीव, और सारी शक्ति के साथ प्रेम रखना" (व्यवस्थाविवरण 6:4–5), और संसार में परमेश्वर के प्रतिनिधित्व के बारे में लिखा हैः "तू अपने पड़ोसी से अपने समान प्रेम रखना; मैं यहोवा हूँ" (लैव्य. 19:18)।

जब यीशु से पूछा गया तो उसने भी वही कहाः

"हे गुरू; व्यवस्था में कौन सी आज्ञा बड़ी है?" उस ने उस से कहा, "तू परमेश्वर अपने प्रभु से अपने सारे मन और अपने सारे प्राण और अपनी सारी बुद्धि के साथ प्रेम रख। बड़ी और मुख्य आज्ञा तो यही है। और उसी के समान यह दूसरी भी है, कि तू अपने पड़ोसी से अपने समान प्रेम रख। ये ही दो आज्ञाएँ सारी व्यवस्था और भविष्यद्वक्ताओं का आधार है।" (मत्ती 22:36–40)

प्रेरित पौलुस 2 कुरिन्थियों 5:17–20 में भी इस संदेश को दोहराता है: "इसलिए यदि कोई मसीह में है (सम्बन्ध), तो वह नई सृष्टि है। पुरानी बातें बीत गयीं हैं; देखो, सब बातें नयी हो गयीं हैं। . . . इसलिए, हम मसीह के राजदूत हैं (प्रतिनिधित्व), मानो परमेश्वर हमारे द्वारा विनती कर रहा है।"

कलीसिया का प्राथमिक और सबसे महत्वपूर्ण कार्य यह देखना है कि लोग परमेश्वर पिता के साथ अपने संबंधों में बढ़ रहे हैं। जब कलीसिया यह पूछने में विफल रहता है कि क्या ऐसा हो रहा है, तो ऐसा करना कितना भी असहज या मुश्किल क्यों न हो, यह अपने प्राथमिक कार्य में विफल रहता है। जब कलीसिया नियमित रूप से परमेश्वर के उद्देश्य की प्रभावशाली तलाश को मापने में विफल रहता है और वह जो कर रहा है वह वास्तव में सहयोग और सहायता प्रदान करता है, तो यह अपने प्राथमिक कार्य में विफल रहता है।

कलीसिया का दूसरा कार्य विश्वासियों को परमेश्वर का प्रतिनिधित्व करने के लिए मजबूत और सक्षम बनाना है। वह प्रतिनिधित्व लोगों के जीवन के कुल योग को व्यक्त करना चाहिए। यह परमेश्वर के साथ उनके संबंध से ऊपर उठता है, उनमें पवित्र आत्मा के निवास के द्वारा विकसित होता है, उनके द्वारा लिए गए निर्णयों में सहमति पाता है, और उनके आसपास की दुनिया के लोगों के साथ उनके संबंध में फैलता है।

हम इस बात को कैसे मापते हैं कि क्या कलीसिया प्रभावशाली रूप से लोगों को परमेश्वर के साथ संबंध और उसके प्रतिनिधित्व में सशक्त कर रहा है? पवित्रशास्त्र परिपक्वता की ओर अग्रसर विश्वासी के जीवन में उसे जिसे मैं "प्रारम्भ मूल्य" कहता हूँ उसकी कम से कम पाँच बातों को प्रकट करता है। पहला संबंध के बारे में है; अंतिम चार प्रतिनिधित्व के बारे में बताता है। ये प्रारम्भ मूल्य महत्वपूर्ण और गैर–समझौतायोग्य हैं। वास्तव में, यदि वे लोग जो एक कलीसिया के रूप में एकत्रित हुए हैं, अपने दैनिक जीवन में इन मूल्यों को पोषित करने के लिए छोटे कदम भी नहीं उठा रहे हैं, तो हो सकता है कि उनके पास वास्तव में एक कलीसिया न हो। यदि लोग अच्छे प्रचार, अच्छी आराधना, अच्छे कार्यक्रमों, या अच्छी इमारतों के लिए कलीसिया में आते हैं, लेकिन परमेश्वर के सारे वचनों से परे जाकर उन मूल्यों में समरूपी और मापने योग्य वृद्धि का सबूत नहीं देते हैं, तो उनके पास कलीसिया नहीं है।

इन पाँच गैर–समझौतायोग्य प्रारम्भ मूल्यों के ढाँचे में कलीसिया की "सफलता" को मापने से यह निर्धारित होगा कि हमारे पास वास्तव में एक कलीसिया है, न कि केवल एक धार्मिक सभा। ये पाँच मूल्य एक मापक के रूप में भी काम करते हैं कि क्या कलीसिया वास्तव में मसीह के लोगों को इन मूल्यों को जीने के लिए सशक्त बना रहा है या केवल "आओ और देखो" प्रतिरुप को पुनः स्थापित कर रहा है जो आज अत्यधिक प्रचलित है। आइए उनकी जाँच करें।

प्रारम्भ मूल्य 1: परमेश्वर के साथ घनिष्ठता विकसित करना

पवित्रशास्त्र की पहली बुलाहट, और इस प्रकार सबसे महत्वपूर्ण प्रारम्भ, परमेश्वर के साथ संबंध विकसित करना है। सिर्फ किसी भी तरह का संबंध नहीं बल्कि करीबी, घनिष्ठ संबंध। परमेश्वर के साथ संबंध के बिना हम अपने आस–पास की दुनिया के लोगों के सामने उसका प्रतिनिधित्व करने के लिए आगे नहीं बढ़ सकते हैं। जब एक कलीसिया लोगों का समर्थन करता है और उनसे परमेश्वर के साथ घनिष्ठ संबंध में चलने की अपेक्षा करता है, तो वह अपना काम कर रहा होता है।

हमें परमेश्वर के साथ घनिष्ठ संबंध में बुलाया गया है:

> मैं धीरज से यहोवा की बाट जोहता रहा; और उसने मेरी ओर झुककर मेरी दोहाई सुनी। उसने मुझे सत्यानाश के गड़हे और दलदल की कीच में से ऊबारा, और मुझ को चट्टान पर खड़ा करके मेरे पैरों को दृढ़ किया है। और मुझे एक नया गीत सिखाया जो हमारे परमेश्वर की स्तुति का है। बहुतेरे यह देखकर डरेंगे, और यहोवा पर भरोसा रखेंगे। (भजन संहिता 40:1–3)

भजनहार का यह निमंत्रण हमें चुनौती देता है कि हम अपने पिता परमेश्वर के साथ एक गहरे संबंध में प्रवेश करें। लेकिन अक्सर हमारे आस–पास का संसार उन लोगों के दिमाग और दिलों पर अफीम का काम करती है जो परमेश्वर के साथ घनिष्ठ संबंध चाहते हैं। शायद आज की संस्कृति मीडिया के प्रसार के कारण, पहले की तुलना में अधिक पापी है, लेकिन मुझे ऐसा लगता है कि पहले की तुलना में आज विश्वासी परमेश्वर के साथ संबंध के कहीं अधिक संकट का अनुभव कर रहे हैं।

इनमें से कुछ लोग नाममात्र के मसीही हैं। वे वही प्रतीत होते हैं जिनसे यीशु एक दिन कहेगा, "मैंने तुमको कभी नहीं जाना" (मत्ती 7:23)। वे मसीहत के रूपों का अभ्यास करते हैं लेकिन यीशु के द्वारा प्रतिज्ञा किए गए किसी भी बदलाव या सामर्थ्य को प्रदर्शित नहीं करते

हैं। ये लोग वास्तव में कलीसिया में रहकर कलीसिया के जीवन के लिए खतरा पैदा करते हैं। जहाँ एक बार हमने उन्हें केवल उदारवादी कलीसियाओं में देखा होगा, आज वे कई इंजीलवादी कलीसियाओं को भी भरते हैं।

अन्य लोग यथार्थ रूप में परमेश्वर के साथ एक गहरे संबंध की इच्छा रखते हैं लेकिन वे व्यस्त रहते हैं। ये वे लोग हैं जो संस्कृति के अफीम के तहत सबसे अधिक पीड़ित हैं, ये लोग भौतिकवाद, सांसारिक प्रभावों, दुनिया की चिंताओं में फंस गए हैं। उनका पुरस्कार पवित्रशास्त्र की सच्चाई के साथ सूखेपन की बढ़ती भावना है जिसे वे अभी भी धारण करते हैं। यदि वे बहुत सी कलीसियाओं के कार्यक्रमों के द्वारा पेश की गई मसीहत के रूपों से अधिक कुछ भी अनुभव करना चाहते हैं, तो उनके जीवन की वास्तविकता की जाँच क्रम में है।

शेष विश्वासियों के लिए, स्वयं को परमेश्वर के लिए त्याग देने की बुलाहट एक आशाजनक निमंत्रण बना हुआ है। जब वे उन क्षणों को याद करते हैं जो उन्होंने परमेश्वर के साथ बिताए थे, तो वे प्रोत्साहन, चुनौती, और यहाँ तक कि सुधार को भी गर्मजोशी के साथ याद करते हैं। उन क्षणों में उन्हें एहसास होता है कि परमेश्वर पूरी तरह से विश्वासयोग्य है और खुद को उसके लिए त्याग देना कोई जोखिम नहीं है।

लेकिन मसीह के इन समर्पित अनुयायियों को इस परित्याग को गहरा करने के लिए आवश्यक समय और अनुशासन को लगातार बनाए रखना चाहिए। परमेश्वर के साथ संबंध को गहरा करना यूँ ही नहीं हो जाता; इस पर काम किया जाना बहुत जरुरी है। मसीही कार्यक्रमों की विधियों और यीशु के साथ संबंध निर्मित करने के लिए आवश्यक अनुशासनों के बीच स्पष्ट अंतर करने के लिए मैं कहता हूँ कि "काम किया गया" और "काम नहीं किया गया"।

परमेश्वर के साथ घनिष्ठता कहाँ से शुरू होती है? 2 कुरिन्थियों 5:20 में पौलुस हमें बताता हैः "हम तुम से मसीह की ओर से निवेदन करते हैं, कि परमेश्वर के साथ मेल–मिलाप कर लो।" परमेश्वर के साथ घनिष्ठता इस स्वीकृति से शुरू होती है कि हमें पहले परमेश्वर के साथ उसके पुत्र के द्वारा मेल–मिलाप करना चाहिए।

फिर से, यह संदेश सम्पूर्ण पवित्रशास्त्र से आगे बढ़ जाता है। यह उत्पत्ति 1 की सृष्टि की कहानी में निहित हैः मनुष्य का जन्म परमेश्वर के साथ एक सम्बन्ध में हुआ था, लेकिन पाप ने उसे प्रभु से अलग कर दियाः अब यीशु में, हम उसके साथ उस संबंध को पुनः स्थापित कर सकते हैं। यीशु का भी यही संदेश है। हम इसे मत्ती 20:20–28 और यूहन्ना 17 में स्पष्ट रूप से देखते हैं। पुराने नियम में सबसे महत्वपूर्ण आज्ञा यह है कि हम अपने परमेश्वर यहोवा से अपने सारे हृदय, सारे मन और सारे प्राण से प्रेम करें, और इसीलिए यीशु इस पृथ्वी पर आयाः ताकि हम उस पिता और पुत्र को जान सकें जिसे उसने भेजा था (यूहन्ना 17:3 देखिये)। मसीहत इस नींव से शुरू और समाप्त होता है, अन्यथा इसे मसीहत

नहीं कहा जा सकता है। कलीसिया को इसे व्यवसाय का पहला क्रम बनाना चाहिए, अन्यथा यह लोगों का समय बर्बाद कर रहा है।

जबकि मेल–मिलाप हमें परमेश्वर के साथ संबंध में ले जाता है, हम उसके बाद एक समस्या को पाते हैंः हम परमेश्वर के साथ अपने संबंध में पाप को लाते हैं। हाँ, यीशु की मृत्यु, गाड़े जाने और पुनरुत्थान में हमारे पाप पर विजय प्राप्त की गई थी, लेकिन जब तक हम मरकर स्वर्ग नहीं जाते, तब तक हमारे पापमय मजदूरी के अवशेष उस सम्बन्ध के खिलाफ युद्ध करते हैं जिसे परमेश्वर ने हमारे लिए योजनाबद्ध किया था जब उसने हमें रचा था। जब हम ईर्ष्या, चुगली, बदनामी और अन्य परीक्षाओं के साथ लड़ते हैं तो पाप हमारे दैनिक जीवन को प्रभावित करता है। ये लोगों के साथ, यहाँ तक कि हमारे परिवारों में पाये जाने वाले लोगों के साथ भी, हमारे संबंधों को नुकसान पहुँचाते हैं। इनमें से कुछ पाप हमारे जीवन में जितने लंबे समय तक हावी रहते हैं, वे उतने ही अधिक घाव पैदा करते हैं। लेकिन जिससे हमें आज विजय प्राप्त करने की जरूरत है, परमेश्वर के पास उसका उपाय है, साथ ही साथ उसके पास अतीत की क्षति के लिए चंगाई है।

किसी भी सम्बन्ध की तरह, परमेश्वर के साथ हमारे सम्बन्ध को बनाए रखने और मजबूत करने के लिए आवश्यक अनुशासनों की आवश्यकता होती है। हम ऐसी कामना कर सकते हैं कि उद्धार के समय विजय प्राप्त करने वाली सामर्थ्य हमारा तात्कालिक प्रकृति बन जाए और अतीत के सभी क्षति दूर हो जाए। लेकिन परमेश्वर की प्रतिज्ञा ऐसा नहीं है। मैं पवित्रशास्त्र को कम से कम चार अनिवार्य संबंधात्मक अनुशासनों का समर्थन करते हुए देखता हूँ जो परमेश्वर के साथ एक गहरी घनिष्ठता की हमारी इच्छा को मजबूत करेंगे।

पहला अनुशासन बाकी सभी अनुशासनों के लिए मंच तैयार करता है और यह उस चंगाई की नींव है जिसे परमेश्वर हमारे जीवन में लाना चाहता हैः परमेश्वर के वचन में बिताया गया समय। परमेश्वर का वचन किसी भी अन्य लिखित शब्द से अलग हैः "क्योंकि परमेश्वर का वचन जीवित, और प्रबल, और हर एक दोधारी तलवार से भी बहुत चोखा है, और प्राण, और आत्मा को, और गाँठ गाँठ, और गूदे गूदे को अलग करके, आर पार छेदता है; और मन की भावनाओं और विचारों को जाँचता है" (इब्रा. 4:12)।

परमेश्वर का वचन जीवित है क्योंकि यह परमेश्वर के द्वारा प्रेरित है। इस प्रकार यह उन लोगों के जीवन में लगातार सक्रिय होता है जो इसमें प्रवेश प्राप्त करते हैं। परमेश्वर के वचन का सरल पठन पाठक के दिल और दिमाग में एक सक्रिय बीज को बोता है। अक्सर किसी चीज या किसी व्यक्ति के द्वारा न्यूनतम निवेश के साथ अविश्वासी को यह दृढ़–विश्वास, पश्चाताप और उद्धार की ओर ले जा सकता है। यही नये जन्म का कार्य हममें से उन लोगों के लिए भी होता है जिनका पहले से ही परमेश्वर के साथ मेल–मिलाप हो चुका है, लेकिन

उसके साथ हमारे संबंध को निर्मित करने की आवश्यकता होती है। वचन, नियमित रूप से हमारे पढ़ने और अध्ययन के द्वारा हम में बोया जाता है, हमारी असलियत को उजागर करता है, जैसा कि इब्रानियों का लेखक स्पष्ट करता है। वचन हमें स्वयं को देखने के लिए स्वतंत्र करता है—गाँठ गाँठ, गूदा गूदा, प्राण, और आत्मा को—जैसा परमेश्वर हमें देखता है।

कई लोगों के लिए यह परिदृश्य डर से भरा हुआ है। परमेश्वर की भेदने वाली आँख के सामने इतना उजागर होने को, खुद की एक स्पष्ट तस्वीर को देखने को, सँभाल पाना हमारे लिए बहुत अधिक है, इसलिए हम छिप जाते हैं। अक्सर हम अच्छी चीजों में छिपते हैं—जैसे कि कलीसिया जाना। हम किसी और के साथ सम्बन्ध के बारे में गीत गाने या उपदेश देने में ज्यादा सहज होते हैं, जितना कि हम खुद संबंध बनाने में होते हैं। हमें डर है कि परमेश्वर सहित किसी पर भी हमारे बारे में इतने गहरे ज्ञान के साथ भरोसा नहीं किया जा सकता है या जब हम वचन में देखते हैं तो हम जो देखते हैं वह हमें पसंद नहीं आता है। तो हम लज्जित होकर छिप जाते हैं।

लेकिन छिपना हमारी पीड़ा को बढ़ाता है, हमारे चोट को कठोर करता है, और सबसे बुरी बात यह है कि यह हमें चंगा होने से रोकता है। इस दुनिया में और कुछ भी हमें परमेश्वर के समान उसके वचन के द्वारा चंगा नहीं कर सकता है। कुछ भी नहीं! यह इब्रानियों की प्रतिज्ञा है। हमें इस बात को जानने की आवश्यकता हैः हमारे स्वयं का खुलासा जो आज्ञाकारिता के साथ परमेश्वर के वचन को नियमित रूप से पढ़ने के प्रति समर्पित होने से आता है, हमेशा हमारे महायाजक यीशु के साथ होता है, जो हमें अपनी धार्मिकता के वस्त्र पहनाता है। उसके वस्त्र पहनकर, हम बेनकाब हो जाते हैं लेकिन दोषी नहीं ठहरते हैं। यीशु ने हमारे लिए सारे दोष को ले लिया है। इसलिए परमेश्वर के वचन को नियमित रूप से पढ़ने के लिए, हमें आमंत्रित किया जाता है क्योंकि हम स्वयं परमेश्वर की उपस्थिति में पाये जाते हैं। उस उपस्थिति में हमें वह मिलता है जिसकी हमें आवश्यकता होती हैः करुणा, जो हमारे पास यीशु में मौजूद क्षमा की याद दिलाता है, और अनुग्रह, जो परमेश्वर के चंगाई की सामर्थ्य है जो हमारे जीवन पर लागू होती है।

यह प्रक्रिया सिर्फ एक बार के लिए नहीं है। ऐसा कैसे हो सकता था? यदि परमेश्वर ने किसी एक क्षण में हमारे जीवन के सारे धब्बों का खुलासा कर दिया होता, तो क्या हम वास्तव में इसे सह सकते थे? हमें परमेश्वर के साथ एक निरंतर संबंधात्मक अनुशासन में परमेश्वर के वचन के लिए समय निकालना चाहिए। जबकि अधिकांशतः परमेश्वर हमें प्रोत्साहन और आनंद प्रदान करेगा, क्योंकि वह सबसे अच्छी तरह जानता है, वह हम पर इस बात का खुलासा भी करेगा कि हम कौन हैं और हमें अभी भी कहाँ चंगाई की आवश्यकता है।

परमेश्वर के साथ संबंध एक जीवित चीज है। वचन को पढ़ना हमें ऐसे ज्ञान का आधार प्रदान नहीं करता है जो समय–समय पर प्रभु के साथ हमारे संबंधों को नजरअंदाज करने की अनुमति देता है। जब हम परमेश्वर के साथ संबंध के इस सबसे बुनियादी अनुशासन को पोषित करने में विफल होते हैं, तो हम पीछे हट जाते हैं। सत्य अत्यंत महत्वपूर्ण है, लेकिन यह सम्बन्ध की जगह नहीं ले सकता है। इसके अलावा, केवल सत्य मात्र ही हमें उस उत्साह को खोने से नहीं रोकेगा जो परमेश्वर स्वयं हमें प्रदान करता है, हमें चल रहे चंगाई के कुछ भी चीज की आवश्यकता नहीं है। इन बातों को हमारे स्वर्गीय पिता के साथ घनिष्ठ संबंध में पोषित किया जाना चाहिए।

दूसरा संबंधात्मक अनुशासन मौन है। निर्गमन 14:14 में मूसा ने इस्राएलियों को स्मरण दिलाया, "यहोवा आप ही तुम्हारे लिये लड़ेगा, इसलिये तुम चुपचाप रहो।" भजन संहिता 37:7 में भजनकार हमें स्मरण दिलाता है, "यहोवा के सामने चुपचाप रह, और धीरज से उसकी प्रतीक्षा कर; उस मनुष्य के कारण न कुढ़, जिसके काम सफल होते हैं, और वह बुरी युक्तियों को निकालता है!" और भजन संहिता 46:10 में हमें एक बार फिर कहा गया है, "चुप हो जाओ, और जान लो कि मैं परमेश्वर हूँ।"

हमारी शोर–शराबे वाली दुनिया में अक्सर ऐसा लगता है जैसे शाँत जगह ही नहीं हैं। लेकिन मौन हमारे लिए हर तरफ उपलब्ध है–अगर हम इसे चुनते हैं। मैंने पाया है कि एक व्यस्त हवाई अड्डे में भी मुझे मौन मिल सकता है। हो सकता है कि मुझे कहीं दूर जाना पड़े या किसी दूर जगह पर बैठना पड़े, लेकिन अगर मुझे जो चाहिए वह मौन है, तो मैं इसे पा सकता हूँ।

मौन एक विकल्प है। इसका मतलब है कि हमारे आस–पास की दुनिया के शोर को बंद करना जो हमारा ध्यान आकर्षित करने के लिए शोर कर रहा है। टीवी, रेडियो, अच्छी किताबों और लोगों के लिए एक अलग समय है। लेकिन गहरी सोच और चिंतन तभी विकसित हो सकता है जब हम मौन को चुनना और अभ्यास करना सीखते हैं।

मौन में हम नये आनन्द को प्राप्त करते हैं। उदाहरण के लिए, परमेश्वर के वचन को पढ़ने के अनुशासन के माध्यम से हमारे हृदयों में जो वचन बोए गए हैं, उनके पास हमारे हृदयों और मनों को नए अर्थों से भरने का अवसर होता है। हमारे चारों ओर परमेश्वर की दुनिया की सुंदरता हमें उसकी सामर्थ्य और प्रभुता के बारे में बताती है। सबसे बढ़कर, हम एक बार फिर से परमेश्वर की उपस्थिति से रोमांचित हो जाते हैं।

मौन में अधिक समय बिताये बिना परमेश्वर के साथ संबंध के रहस्य में प्रवेश करने का मुझे दूसरा कोई रास्ता नहीं मिला। मौन का अभ्यास न करने के लिए हम सभी प्रकार के कारण ढूँढ सकते हैं, लेकिन फिर से, मौन एक विकल्प है। परमेश्वर के साथ हमारा संबंध तब

तक अधूरा रहेगा जब तक हम उसके साथ मौन की नियमित अवधियों का अभ्यास करना नहीं सीखते हैं।

तीसरा संबंधात्मक अनुशासन एकाँत है। मत्ती 14:23 उन कई स्थानों में से एक है जहाँ हम स्वयं यीशु को अकेले रहने का चुनाव करते हुए पाते हैं: "वह लोगों को विदा करके, प्रार्थना करने को अलग पहाड़ पर चला गया; और साँझ को वह वहाँ अकेला था।" शायद इससे ज्यादा कुछ कहने की जरूरत नहीं है: अगर यीशु ने एकाँत की तलाश की, तो क्या यह हमारे लिए कम जरूरी है? अगर हमारी संस्कृति में चुप रहना हमारे लिए मुश्किल है, तो अकेले रहना शायद और भी कठिन है। यदि हम लंबे समय तक परमेश्वर को उसके वचन के द्वारा सुनने में असफल रहे हैं, तो यह हो सकता है कि हम वास्तव में स्वयं के साथ अकेले नहीं रहना चाहते हों। शायद स्वयं की खोज का डर हमें अकेले रहने की इच्छा से रोकता है। या शायद यह है कि हम अपने चारों ओर की संस्कृति के मनोरंजन में अपना सबसे बड़ा "आनंद" पाते हैं। हमारी कठोर संस्कृति व्यावहारिक रूप से हमें अकेले समय बिताने, शांत रहने और चिंतन में यह पता लगाने से रोकती है कि हमारी संस्कृति धुएँ और दर्पण से ज्यादा कुछ नहीं है।

एकाँत में हमें मौन के साथ–साथ परमेश्वर के वचन को सक्रिय रूप से सुनने का समय भी मिलता है। एकांत में हमें इस पृथ्वी पर हमारे छोटेपन और हमारी अस्थायी स्थिति की याद दिलाई जाती है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि एकाँत में हमें याद दिलाया जाता है कि हम इस संसार के लिए नहीं बने हैं। पाप का प्रभाव इस पृथ्वी पर हावी है। उत्पत्ति 1 में परमेश्वर ने हमारे लिए जो संसार बनाया था, यह वही है जिसके लिए हम सृजे गए हैं, और यह वही है जिसमें हम पुनर्स्थापित किए जाएँगे। एकाँत हमें अपने जीवन की दिशा को पुनः तैयार करने के लिए आवश्यक क्षण प्रदान करता है। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि एकाँत में हमें पता चलता है कि हम अकेले नहीं हैं। परमेश्वर वास्तव में साथ है।

अंतिम संबंधात्मक अनुशासन समर्पण है। समर्पण परमेश्वर के साथ हमारे संबंध में आवश्यक और समृद्ध बनाने योग्य है। इब्रानियों 12:9 हमें स्मरण दिलाता है कि "फिर जब कि हमारे शारीरिक पिता भी हमारी ताड़ना किया करते थे, तो क्या आत्माओं के पिता के और भी आधीन न रहें जिससे हम जीवित रहें।" इब्रानियों 5:7 में हमें स्मरण दिलाया जाता है, "यीशु ने अपनी देह में रहने के दिनों में ऊँचे शब्द से पुकार–पुकारकर, और आँसू बहा–बहाकर उससे जो उसको मृत्यु से बचा सकता था, प्रार्थनाएँ और विनती की और भक्ति (या समर्पण) के कारण उसकी सुनी गई।" यीशु के अपने शब्द अधीनता के महत्व को प्रदर्शित करते हैं: "स्वर्ग और पृथ्वी का सारा अधिकार अब मुझे दिया गया है। तुम जहाँ भी जाओ, लोगों को मेरा अनुयायी बनाओ। ऐसा उन्हें पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा के नाम से बपतिस्मा देने के द्वारा

और उन्हें जो कुछ भी सिखाया जाएगा उन्हें उसका पालन करने के लिए सिखाने के द्वारा करो" (मत्ती 28:18–20, मेरी व्याख्या)।

"समर्पण" शब्द पर गलतफहमी और डर का आरोप लगाया गया है। पौलुस के इस कथन को भी उतना ही गलत समझा गया है कि वह यीशु का दास था। यदि परमेश्वर इस ग्रह का प्रधान सृष्टिकर्ता है, जैसा कि उत्पत्ति का दावा है, यदि उसने भयानक और अद्भुत रीति से हमें रचा है, जैसा कि भजनकार दावा करता है, और यदि सृष्टिकर्ता को यह उम्मीद करने का अधिकार है कि उसकी रचना उसके प्रेमपूर्ण बुद्धि की प्रतिक्रिया देगी, तो कैसे हो सकता है हम उसके प्रति पूरे दिल से और ऐच्छीक समर्पण को उसके साथ हमारे संबंधों का एक स्वाभाविक बहाव होने की उम्मीद नहीं कर सकते हैं?

यीशु और पौलुस दोनों ने समर्पण के वास्तविक स्वरूप को समझा। उनका समर्पण उस व्यक्ति के साथ संबंध और विश्वास की वास्तविकता में निहित था जिसे वे घनिष्ठ रूप से जानते थे।

परमेश्वर हमें उस पर भरोसा करने के लिए आमंत्रित करता है। पवित्रशास्त्र के अनुशासनों, मौन, और एकाँत का अभ्यास, सभी विश्वास को बढ़ाते हैं; वास्तव में, उस व्यक्ति पर भरोसा करना जिसे हम बाइबल में पाते हैं, स्वाभाविक है। जब हम हमारे जीवन में उसकी बुलाहट की बातचीत करते हैं, तो उस बिंदु तक पहुँचना हमारा लक्ष्य होना चाहिए, जहाँ पर परमेश्वर के प्रति समर्पण हमारी स्वाभाविक प्रतिक्रिया है। यह न केवल परमेश्वर के वचनों के प्रति आज्ञाकारी रूप से प्रतिक्रिया करने के लिए हमारी ऐच्छीक प्रवृत्ति की माँग करता है जब वे हमारे पास आते हैं, बल्कि हमारी भावनात्मक प्रतिक्रिया के रूप में आज्ञाकारिता को सीखने की इच्छा की भी माँग करता हैं।

परमेश्वर ने अपने वचन में जो कुछ भी प्रकट किया है उसकी सच्चाई और विश्वसनीयता के प्रति आश्वस्त होना हमारे मन में आज्ञाकारिता की प्रवृत्ति को भड़काता है। लेकिन परमेश्वर को उसके वचन के द्वारा, मौन में, और एकाँत में सुनना सीखना उसके प्रति आज्ञाकारी प्रतिक्रिया को बढ़ाने का काम करता है जिसे वह हमारे दिलों में चाहता है।

हमारे चारों ओर की दुनिया और हमारे अंदर का शरीर, दोनों शैतान और उसके सेवकों द्वारा उत्तेजित होकर, हमें स्वर्गीय पिता के साथ संबंधों के रहस्य में खुद को स्वतंत्र करने से रोकने की साजिश करते हैं। लेकिन हजारों वर्षों से उन लोगों के जीवन में जो प्रत्यक्ष जोखिम उठाने के लिए तैयार रहे हैं, अपने आप को परमेश्वर के लिए त्यागने का निमंत्रण बना हुआ है।

प्रारम्भ 2: अपने अनुग्रह की कहानियाँ सुनाना

नए नियम में दूसरा प्रारम्भ मूल्य इफिसियों 3:1–11 में पाया जाता है: हमारे दैनिक जीवन में हमारे आस–पास के लोगों के लिए अपने अनुग्रह की कहानियों को जीना और मौखिक रूप से व्यक्त करना। यहाँ हम इस समय और अनंत काल के लिए कलीसिया के उद्देश्य की स्पष्ट और सरल घोषणा पाते हैं:

> मुझ पर जो सब पवित्र लोगों में से छोटे से भी छोटा हूँ, यह अनुग्रह हुआ कि मैं अन्यजातियों को मसीह के अगम्य धन का सुसमाचार सुनाऊँ, और सब पर यह बात प्रकाशित करूँ कि उस भेद का प्रबन्ध क्या है, जो सब के सृजनहार परमेश्वर में आदि से गुप्त था। ताकि अब कलीसिया के द्वारा, परमेश्वर का विभिन्न प्रकार का ज्ञान उन प्रधानों और अधिकारियों पर जो स्वर्गीय स्थानों में हैं, प्रगट किया जाए। (इफि. 3:8–10)

हमने इस परिच्छेद के महत्व को इस पुस्तक के अध्याय 2 में देखा। कलीसिया का उद्देश्य उन लोगों को सुसमाचार के संदेश को सुनाना है जिनके बीच हम दैनिक आधार पर रहते हैं, और प्रत्येक विश्वासी अपने अनुग्रह की अनूठी कहानी, या परमेश्वर ने उसके जीवन में जो कुछ किया है उसकी व्यक्तिगत गवाही का विस्तार करके ऐसा करता है।

कलीसिया का उद्देश्य, जिसे पौलुस द्वारा स्पष्ट रूप से वर्णित किया गया है, यदि इस दृश्य को सांसारिक रंगमंच पर अनन्त श्रोताओं के लिए प्रदर्शित किया जाता है, तो इसमें प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी को शायद ही कम किया जा सकता है। स्थानीय कलीसिया की प्रभावशीलता का दूसरा माप प्रत्येक व्यक्ति के अनुग्रह की कहानी की बढ़ती अभिव्यक्ति में किसी भी और सभी सम्बन्ध में पाया जाना चाहिए जिसमें परमेश्वर की आत्मा हमें ले जाती है। यदि कलीसिया में जाने वाले अधिकाँश लोग इस प्रारम्भ में नहीं बढ़ते हैं, तो कलीसिया अपना काम नहीं कर रहा है।

प्रारम्भ 3: हमारे आत्मिक वरदानों का प्रयोग करना

यदि आत्मिक वरदान प्रदान करने में परमेश्वर का आत्मा सर्वोपरि है, तो यदि लोग इन वरदानों की समझ और उपयोग में वृद्धि नहीं कर रहे हैं, तो कलीसिया एक बार फिर, अपने परमेश्वर द्वारा दिए गए कार्य को पूरा नहीं कर रही है। पवित्र आत्मा वरदानों का उपयोग परमेश्वर के लोगों के माध्यम से उन कई सेवकाईयों को रणनीतिक अभिव्यक्ति प्रदान करने के लिए करता है जिन्हें यीशु पूरा करना चाहता है। कलीसिया और दुनिया में अपनी नियुक्ति में

एक भी व्यक्ति की परिपक्वता को खोना उस रचनात्मक प्रतिभा को कम करना है जिसे परमेश्वर ने अपने लोगों के लिए नियोजित किया है। इस प्रकार तीसरा प्रारम्भ मूल्य हमारे घरों और कार्यस्थलों में आत्मा के वरदानों को जीना है।

इसके अलावा, तथ्य यह है कि इन वरदानों को अधिक सटीक रूप से वर्णित किया जा सकता है क्योंकि विशिष्ट तरीकों से हमारे द्वारा काम करने वाली आत्मा का अर्थ है कि वे हर जागृत क्षण में सक्रिय होते हैं, क्योंकि जब हम यीशु के माध्यम से परमेश्वर के साथ संबंध में आते हैं, तो हम जीवित परमेश्वर के मंदिर हो जाते हैं। ये वरदान कलीसिया के कार्यक्रमों को शक्ति प्रदान करने के लिए नहीं बल्कि कलीसिया के लिए परमेश्वर के उद्देश्य के लिए दिए गए हैं।

परमेश्वर की प्रतिभा को मसीह के लोगों के दैनिक वितरण में उनके आस–पड़ोस और दुनिया भर के बाजारों में देखा जाता है क्योंकि आत्मा अनुठे और शक्तिशाली रूप से प्रत्येक को वरदान प्रदान करता है। विशेष स्थान हो या व्यवसाय कोई फर्क नहीं पड़ता। चूँकि परमेश्वर के उद्धार की प्रतिज्ञा उसके सभी लोगों में धड़कता है, हर जगह जहाँ हम रहते हैं और काम करते हैं, गवाही के लिए और उद्धार की प्रतिज्ञा में प्रत्येक के विशेष हिस्से को जीने के लिए एक जगह बन जाती है। आत्मा के वरदान की सेवकाई आत्मा के द्वारा नियंत्रित और संचालित होते हैं, जो प्रत्येक विश्वासी के लिए और उनके माध्यम से प्रस्तुत होते हैं।

यह कुछ मसीहीयों को अजीब लग सकता है, लेकिन ऐसा इसलिए है क्योंकि कई लोगों ने हमारे जीवन में आत्मा की इस विशेष अभिव्यक्ति को गलत समझा है। ऐसे विश्वासियों ने कार्य के सिद्धान्त से संबंध खो दिया है जो इस वास्तविकता से आता है कि हम परमेश्वर के स्वरूप में बनाए गए हैं और उसकी सृष्टि की देखभाल करने और वह सब कुछ जो वह हमारे हाथों में देता है, उसका प्रतिनिधित्व करने के लिए बुलाये गये हैं। उन्होंने अनंत काल से संबंध खो दिया है, और इस प्रकार वे परमेश्वर का प्रतिनिधित्व करने, उसकी संपत्ति का प्रबंधन करने, और उसकी महिमा और उसकी प्रतिज्ञा को अपने जीवन के केंद्र के रूप में दिखाने के महत्व को खो देते हैं। इन सभी बातों ने कलीसिया की समझ को वरदानों को एक ऐसे कार्यक्रम को संचालित करने के लिए आवश्यक शक्ति के रूप में बना दिया है जो बड़े पैमाने पर अन्य मसीहीयों के द्वारा और उन्हीं के लिए है चलाया जाता है। हमारा अपना जीवन और, सबसे महत्वपूर्ण बात, परमेश्वर का स्वरूप जो उसके लोगों के द्वारा प्रस्तुत किया जाता है, इसी की वजह से असहाय हैं।

प्रारम्भ 4: आत्मा के फल का प्रदर्शन करना

चौथा प्रारम्भ मूल्य एक दूसरे के साथ और दुनिया के हमारे संबंधों में आत्मा के फल को प्रदर्शित करना है। गलातियों 5:22–23 में पौलुस इन पारस्परिक गुणों को सूचीबद्ध करता है: "पर आत्मा का फल प्रेम, आनन्द, मेल, धीरज, कृपा, भलाई, विश्वास, नम्रता, और संयम है; ऐसे ऐसे कामों के विरोध में कोई भी व्यवस्था नहीं।" ये मसीह के लोगों में रहने वाली आत्मा के स्वाभाविक परिणाम हैं और इन्हें परिपक्वता और अभिव्यक्ति में लगातार विकसित होना चाहिए।

जो लोग अपने विवाह, परिवार और मंडलियों में आत्मा के फल में बढ़ रहे हैं, वे पृथ्वी पर इस बात का सबसे शक्तिशाली प्रमाण व्यक्त करते हैं कि यीशु अपने लोगों में जीवित है। इन रहस्यमय पारस्परिक संबंधों की उनकी बढ़ती अभिव्यक्तियाँ उस अनोखी शक्ति को प्रदर्शित करती हैं जो उनमें से प्रत्येक में रहती है।

इस फल की अभिव्यक्ति में जो मसीह के लोगों में अवतरित हुई और उनके आसपास की दुनिया में देखी गई, इसमें दमदार सामर्थ्य है। यह याकूब की बात है: "हमारे परमेश्वर और पिता के निकट शुद्ध और निर्मल भक्ति यह है, कि अनाथों और विधवाओं के क्लेश में उन की सुधि लें, और अपने आप को संसार से निष्कलंक रखें" (याकूब 1:27)। पूरे इतिहास में कलीसिया, जब अपने स्वामी के साथ संगठित हुआ है, तो यह दुनिया के लिए एक रहस्य रहा है। यह संसार, संसार के असुरक्षित लोगों पर बहुत कम ध्यान देती है, लेकिन कलीसिया अपनी दुनिया में सभी लोगों को शामिल करने के तरीके ढूँढता है और वास्तव में, लोगों में चंगाई उत्पन्न करने के लिए लगन से काम करता है। यह दुनिया में इंजीलवाद के काम के लिए सबसे दमदार नींव है।

मैं पवित्रशास्त्र में कहीं नहीं देखता कि हम मसीह के आगमन से पहले संसार की प्रणालीगत समस्याओं को अनिवार्य रूप से ठीक कर सकते हैं। लेकिन यह स्पष्ट है कि हमें सबसे जघन्य मानव प्रणालियों में फंसे लोगों को छूने, चंगा करने और उनका छुटकारा करने की आवश्यकता है। यह कलीसिया की सामर्थ्य है। स्थानीय कलीसियाओं में अपने–अपने स्थान पर अनाथालयों, ड्रग–पुनर्वसन केंद्रों, और भोजन–प्रदाय कार्यक्रमों को बड़ी लगन से महान आज्ञा का पालन करते हुए देखना कोई आश्चर्य की बात नहीं है।

स्थानीय कलीसियाओं को अपने लोगों में आत्मिक पारस्परिक विकास का समर्थन और मापन करना चाहिए ताकि वे अपने उन लोगों के शिकार न हों जो स्वर्ग से जुड़े होने का दावा करते हैं जबकि स्वर्ग की बुलाहट के अनुसार जीवन कम ही जीते हैं। एक इच्छुक स्थानीय कलीसिया के लिए ऐसा करना कठिन नहीं है, खासकर यदि उसके पास किसी भी प्रकार की छोटी–समूह के समान कोई सेवकाई है जिसमें उसके अधिकाँश लोग शामिल हैं। ऐसे लोगों पर केंद्रित परिदृश्य में हमें आत्मा के फल को कलीसिया के अंदर संबंधों में कार्य करते हुए देखने की अपेक्षा करनी चाहिए। कलीसिया को उन शहरों और मोहल्लों की जरूरतों

का भी समर्थन करना चाहिए जिनमें हमारी मंडलियाँ स्थित हैं और अपने लोगों को उनके इलाके में प्रत्येक उप–समूह की सेवा करते हुए देखने की उम्मीद करनी चाहिए। जब ऐसा नहीं होता है, तो कुछ तो बहुत ही गलत है।

प्रारम्भ 5: हमारे जीवन का प्रबंधन करना

पाँचवाँ प्रारम्भ मूल्य पृथ्वी पर परमेश्वर के राज्य के विस्तार के लिए हमारे जीवन, संबंधों और संपत्ति का प्रबंधन करना है। पहली प्रारम्भ के समान, इसे भी विस्तृत व्याख्या की आवश्यकता है। इसलिए हम इसे अध्याय 4 में व्यक्त करेंगे।

4

हमारे जीवन का भण्डारीपन

हमने पहले चार प्रारम्भ मूल्यों की जांच की है: परमेश्वर के साथ घनिष्ठता विकसित करना, अपनी अनुग्रह कहानियों को बताना, अपने आत्मिक वरदानों का प्रयोग करना, और आत्मा के फल का प्रदर्शन करना। अब हम पांचवें कार्य पर ध्यान करेंगे: हमारे जीवन का इस तरह से भण्डारण करना कि परमेश्वर के राज्य के वृद्धि में पूरी तरह से सहयोग करें। यह अंतिम तरीका है जिससे कलीसिया लोगों के विश्वास के प्रभाव को उनके व्यक्तिगत निर्णयों जैसे धन, पवित्रता, विवाह, परिवार, मित्रों, कलीसिया निकाय और बाजार पर देख सकता है। हम इसे जीवन का भण्डारीपन कह सकते हैं, क्योंकि इसमें हम अपने समय, धन और अपेक्षाओं के साथ जो कुछ भी करते हैं, वह शामिल है।

मत्ती 6:24 में यीशु कहता है, "तुम परमेश्वर और धन की सेवा नहीं कर सकते।" जब यीशु धन की बात कर रहा है, तो वह जो सिद्धांत व्यक्त करता है वह पूरे जीवन पर लागू होता है: एक बार जब हम यीशु के साथ मृत्यु और पुनरुत्थान के माध्यम से मृत्यु से जीवन में चले जाते हैं, तो परमेश्वर ने हम में जो नया हृदय प्रत्यारोपित किया है, वह परमेश्वर को केंद्र में रखने के लिए बनाया गया है।

जहां धन या कोई अन्य वस्तु किसी व्यक्ति के दिल में हावी हो जाती है, उस जीवन में परमेश्वर मौजूद नहीं होते हैं। तब मनुष्य के लोभ की कोई अभिव्यक्ति संभव है। या, जैसा कि यीशु मत्ती 6:23 में कहते हैं, एक व्यक्ति का "पूरा शरीर अन्धकार से भर जाएगा।" यदि धन

उनके दिलों पर राज करता है तो भले ही लोग अपने धार्मिक और मानवीय कार्यों में ईश्वरीय भावनामृत प्रतीत होते हैं, लेकिन उनके अन्दर परिवर्तन नहीं हो रहा है।

बदले हुए हृदय में, परमेश्वर ने केवल एक के रहने के लिए जगह बनाया हैः स्वयं परमेश्वर! आसानी से हम यहाँ पृथ्वी पर अपने जीवन के संचालन को समझना शुरू कर सकते हैं। मत्ती 6:19–34 में यीशु हमें पाँच कारण बताता है कि क्यों हमें सांसारिक संपत्ति को अपनी सोच पर हावी नहीं होने देना चाहिए।

पहला, वे सड़ेंगे या गायब हो जाएंगेः "अपने लिए पृथ्वी पर धन इकट्ठा न करो, जहां कीड़ा और काई बिगाड़ते हैं, और जहां चोर सेंध लगाते और चुराते हैं" (मत्ती 6:19)। नये कार, कपडें और अन्य वस्तुएं पुरानी हो जाती हैं। मैंने पिछले वर्षों में सम्पूर्णता की ओर रुख किया। मैं अभी भी अपनी निराशा को याद कर सकता हूं जब मैंने जो कुछ खरीदा था वह पुराना हो गया , खरोंच आ गया, या यहां तक कि उपयोग करने लायक भी नही रहा। एक बार मेरी कीमती चीज चोरी हो गई; जो नुकसान की भावना भयानक था। हम जानते हैं कि यीशु सही है, लेकिन हम बहुत प्रभावित हुए हैं और कभी–कभी हमारे आस–पास की संस्कृति ने उन चीजों को महत्व देने के लिए बहकाया है जो अनंत काल तक जीवित नहीं रहेंगी।

दूसरा, यीशु कहते हैं कि हमें "स्वर्ग मे धन इकठ्ठा करो" (मत्ती 6:20), जो हमें अधिक प्रिय है उसे रखने के लिए सबसे सुरक्षित स्थान है। यीशु सिर्फ बाहरी चीजों से अधिक गहरी बात कर रहे हैं; वह उन आंतरिक चीजों की भी बात कर रहें है जिन्हें हम महत्व देते हैं जैसे अर्थ, महत्व और पूर्ति।

तीसरा, जो हमारे दिलों पर राज्य करता है वो स्वामी हो जाता हैः "जहाँ तेरा धन है, वहाँ तेरा मन भी लगा रहेगा" (मत्ती 6:21)। कई चीजें अपने आप में बुरी नहीं होती हैं, लेकिन उनका हमारे दिलों और कार्यों पर जो प्रभाव है वह गंभीर हो सकता है। परमेश्वर के विरोध में हमारी संस्कृति की मूल्य की परिभाषा दिलों से प्रभावित होते है वो आँखों को जकड लेता है और दिल पर राज्य करता है। सच्चे जीवन की तरह ही सच्चा मूल्य नकली, सतही और खतरनाक मनोवृत्तियों और कार्यों से फिर से परिभाषित हो जाता है।

चौथा, जब हमारे हृदयों का ध्यान भटक जाता है, तो हमारी देखने की क्षमता भ्रष्ट हो जाती है, क्योंकि "आंख शरीर का दीपक है" (मत्ती 6:22)। धुँधले हृदय को संपत्ति को जिस तरह से परमेश्वर की मंशा करता है देखने में अत्यधिक कठिनाई होती है, जैसे सच्चा आराम और आशीर्वाद लाने के लिए। ऐसा धुंधला हृदय अन्धकार उत्पन्न करता है। बहुतायत प्रतीत होने के बीच भी कम से कम उसे दुख, संदेह और अवसाद का अनुभव होने लगता है।

पाँचवाँ, हम दो विरोधी शक्तियों की सेवा नहीं कर सकतेः "कोई मनुष्य दो स्वामियों की सेवा नहीं कर सकता, क्योंकि वह एक से बैर और दूसरे से प्रेम रखेगा, या एक से मिला रहेगा और दूसरे को तुच्छ जानेगा" (मत्ती 6:24)। परमेश्वर की नई सृष्टि में केवल एक ही रहने वाला हैः स्वयं परमेश्वर। छुड़ाया नहीं गया मनुष्य इसे एक नकारात्मक विकल्प के रूप में देखता है, परन्तु परमेश्वर इसे एक चेतावनी के रूप में नहीं बल्कि एक वादा के रूप में प्रस्तुत करता है।

अंततः जब हम अपने आस–पास की संस्कृति की मांगों को परमेश्वर के बनाये गए पक्ष के रूप में अस्वीकार करते हैं और अपनी संपत्ति को उनकी देखभाल में छोड़ देते हैं, तब भी हम चिंता से ग्रस्त हो सकते हैं। शुक्र है, यीशु वादा करता है कि परमेश्वर हमारी मदद करेगाः "तुम चिंता करके यह न कहना कि हम क्या खायेंगे? वा क्या पिएंगे? या 'हम क्या पहनेंगे?' क्योंकि अन्यजाति इन सब वस्तुओं की खोज में रहते हैं, पर तुम्हारा स्वर्गीय पिता जानता है, कि तुम्हें इन सब वस्तुओं आवश्यकता है" (मत्ती 6:31–32)। यदि वह पक्षियों को खिला सकता है और खेतों की सुंदरता की देखभाल कर सकता है, तो वह हमारी जरूरतों को पूरा कर सकता है। चिंता से पता चलता है कि हम उस चीज को महत्व दे सकते हैं जिसे हम देख सकते हैं, और जिसे हम नहीं देख सकते, लेकिन हम विश्वास करने के लिए बुलाये गए है। इसका अर्थ यह हुआ कि जिसे हम पिता कहते हैं, उसके साथ हमने पर्याप्त समय नहीं बिताया है।

परमेश्वर के राज्य की खोज करें

अपनी शिक्षा में कि हमें चिन्ता नहीं करनी है, यीशु हमें उपचार देता हैः "इसीलिए पहले तुम परमेश्वर के राज्य और उसके धर्म की खोज करो, तो ये सब वस्तुएं भी तुम्हें मिल जाएंगी" (मत्ती 6:33)। हाँ, जब हम इस संसार में रहते हैं, हमें धन और अन्य भौतिक चीजों की आवश्यकता होती है, लेकिन यदि हम परमेश्वर के राज्य और उसकी धार्मिकता की खोज करते हैं, तो हम अपने धन और संपत्ति का सफलतापूर्वक भण्डारण कर सकते हैं। हमें यह कैसे करना हैं?

हमें अपने आस–पास की संस्कृति के प्रति रचनात्मक विरोध में रहना है। इसका मतलब यह है कि हमें संस्कृति में होना चाहिए और इस तरह इसमें सकारात्मक साधन होने चाहिए जबकि वास्तव में हमारी संस्कृति में हमे यीशु के जीवन कि शिक्षा बहुत कम देते हैं। इस संतुलन को बनाए रखना आसान नहीं है।

प्रेरित पौलुस ने इस तनाव को समझा और तीमुथियुस को सलाह दी कि हम परमेश्वर के राज्य में निवेश करते हुए इस संसार की दौलत को कैसे संभाल सकते हैं:

> इस संसार के धनवानों को आज्ञा दे, कि वे अभिमानी न हों और चंचल धन पर आशा न रखें, परन्तु परमेश्वर पर जो हमारे सुख के लिये सब कुछ बहुतायत से देता है। वे भलाई करें, और भले कामों में धनी बनें, और उदार और सहायता देने में तत्पर हों, और आगे के लिये एक अच्छी नींव डाल रखें, कि सच्चे जीवन को वश में कर लें। (1 तीमुथियुस 6:17–19)

पौलुस यहाँ झूठ की त्रयी को उजागर करके धन के खतरों की घोषणा करते हुए वह कहते है। "धन के पीछे छिपे खतरों से सावधान रहें"। "परन्तु परमेश्वर के राज्य में निवेश करें!"

वह पहले तीमुथियुस से कहता है, "उन्हें आदेश दो कि वे घमंड न करें।" विज्ञापन के हर रूप के माध्यम से इस विश्वदृष्टि के बड़े पैमाने पर व्यापार के साथ, पश्चिम में लोग उपभोक्ताओं की मांग करने वाले धूर्त बन गए हैं। हमारी उम्मीदों को झूठ की सूक्ष्मता के लिए बनाया गया है और यहां तक कि कठोर भी किया गया है जो हमें बताता है कि हम धनी होने के योग्य हैं।

दूसरा, पौलुस ने तीमुथियुस को चेतावनी दी कि विश्वासियों को "धन की अनिश्चितता पर अपनी आशा नहीं रखनी चाहिए," क्योंकि धन उतना मजबूत नहीं है जितना कि यह प्रतीत होता है। "तीस साल का उधार," "जीवन भर की वारंटी," और "आखिर तक के लिए निर्मित" सभी नारे लोगों को दूसरे झूठ पर विश्वास करने के लिए लुभाते हैं। लेकिन कुछ भी आखिर तक रहने के लिए नहीं बना है।

अंततः पौलुस विश्वासियों को "परमेश्वर पर" अपनी आशा रखने के लिए प्रोत्साहित करता है, क्योंकि सांसारिक धन अनन्त आशा का कोई विकल्प नहीं है। इन झूठों से सबसे ज्यादा नुकसान यह हो सकता है कि कोई चीज वास्तव में मानव जीवन को परमेश्वर के स्थान से दूर कहीं गहरी खाई मे ले सकती है।

हम इस विश्वदृष्टि के खिंचाव का मुकाबला कैसे कर सकते हैं? पौलुस ने तीमुथियुस को उत्तर दिया: हमें परमेश्वर के वरदानों को ग्रहण करना है और उनका आनंद लेना है, क्योंकि यह परमेश्वर है जो "हमें आनंद करने के लिए सब कुछ बहुतायत से प्रदान करता है।"

लेकिन हमारी पतित संस्कृति के विचारों के आधार पर उस वादे का दुरुपयोग न करने के लिए, पौलुस आगे कहता है कि हमें "भलाई करने के लिए" उनका उपयोग करने के द्वारा उनका आनंद लेना है। एक अच्छा कर्म क्या है? 1 तीमुथियुस 5:10 मे पौलुस एक उत्तम परिभाषा देता है: और भले कामों मे सुनाम रहे हों, जिस ने बच्चों का पालन–पोषण किया हो;

अतिथियों कि सेवा कि हो, पवित्र लोगों के पाँव धोएं हो, दुखियों की सहायता कि हो, और हर भले काम मे मन लगाया हो।

ये कर्म इतने महत्वपूर्ण क्यों हैं? क्योंकि जैसा यीशु ने मत्ती 5:16 में कहा, वे एक शक्तिशाली अवलोकनीय विश्वास का निर्माण करते हैं, जिसके द्वारा लोग सुसमाचार को देख और समझ सकते हैं:

> अब जबकि मैंने तुम्हें वहाँ एक पहाड़ की चोटी पर रखा है—इसीलिए तुम्हारा उजियाला मनुष्यों के सामने चमके कि वे तुम्हारे भले कामों को देखकर तुम्हारे पिता कि, जो स्वर्ग मे है बड़ाई करें।

पौलुस ने तीमुथियुस को बताया कि भलाई करने के तीन तरीके हैं।

सबसे पहले, हमें "अच्छे कामों के धनी" होना चाहिए – दूसरे शब्दों में, अपनी संपत्ति को दूसरों के लाभ में उपयोग करना चाहिए। हमें अपने पास मौजूद सभी चीजों का इस्तेमाल दूसरे लोगों की भलाई के लिए करना है।

दूसरा, हमें कुछ दान देकर अपनी संपत्ति को परमेश्वर के राज्य में निवेश करना चाहिए—हमें "उदार होना" है। पौलुस अभी भी यीशु के शब्दों को सुन सकता है, जैसा कि वह प्रेरितों के काम 20:35 में स्पष्ट रूप से कहता है: "मैंने तुम्हे सब कुछ करके के दिखाया कि इस रीती से परिश्रम करते हुए निर्बलों को सम्भालना और प्रभु येशु के वचन स्मरण रखना अवश्य है, जो उसने आप ही कहा है: 'लेने से देना धन्य है'।"

अंततः अपनी संपत्तियों के साथ "अच्छा करने" का सबसे कठिन तरीका उन्हें साझा करना है। जबकि हम अभी भी किसी वस्तु पर सक्रिय भण्डारीपन रखते हैं, हमें किसी और को भी इसका आनंद लेते हुए देखने के लिए एक आनंदित स्वभाव विकसित करनी चाहिए, इस पर कोई नियंत्रण नहीं रखना चाहिए कि वह व्यक्ति वास्तव में इसका उपयोग कैसे करता है। वह इसे गंदा कर सकता है, खरोंच सकता है, या इसे तोड़ भी सकता है।

पौलुस ने तीमुथियुस को अपनी चुनौती दो निष्कर्षों के साथ समाप्त की। हमें अपने धन को "भविष्य के लिए एक अच्छी नींव के रूप में अपने लिए, खजाना जमा करते हुए" अपने सच्चे घर में निवेश करना चाहिए (1 तीमु. 6:19)। और हमें सच्चे जीवन में निवेश करना है "ताकि जो हमारा, सच्चा जीवन है उसे धारण कर लें" (1 तीमु. 6:19)। मसीह के लोगों की शक्ति को संसार सबसे अधिक तब महसूस करता है जब परमेश्वर के राज्य में निवेश करने की यह स्वभाव मसीह के लोगों में देखी जाती है। हम कैसे जीते हैं, यह परमेश्वर की आत्मा के हाथों में एक शक्तिशाली छुड़ाने वाला उपकरण है, शायद आज विशेष रूप से एक ऐसी संस्कृति में जो कि बाजार में है कि अंतिम महत्व किसी के पास जो है उसमे दिखता है।

परमेश्वर की धार्मिकता की खोज करें

जब हम परमेश्वर के साथ संबंध में आते हैं, तो हम एक नए जीवन में फिर से जन्म लेते हैं जिसे वह पवित्र आत्मा के निवास के माध्यम से हम में स्थापित करता है। यह इस नए जीवन के माध्यम से हम दुनिया में हमारे लिए परमेश्वर के उद्देश्य के अनुरूप जी सकते हैं: न केवल उसके राज्य की परन्तु उसकी धार्मिकता की भी खोज करना। परमेश्वर का राज्य और उसकी धार्मिकता नए नियम में अटूट रूप से जुड़े हुए हैं।

मत्ती 6:1 में यीशु सच्ची धार्मिकता का वर्णन करता है: "सावधान रहो! तुम मनुष्यों को दिखाने के लिये अपने धर्म के काम न करो।" हम जो करते हैं वह केवल परमेश्वर की दृष्टि के लिए करना चाहिए। और कुछ भी एक ऐसा हृदय से आता है को बदला हुआ नही है तो वे दूसरों को दिखाने के लिए होता है और उसका एकमात्र प्रतिफल प्राप्त होता है। यह सच्ची धार्मिकता हमारी आध्यात्मिक जीवन के भण्डारीपन को कई तरीकों से नियंत्रित करती हैं।

पहला, जब हम देते हैं (देखें मत्ती 6:2–4), तो हमें उतना ही देना है जितना परमेश्वर हमें बताता है और जिसे वह देने के लिए हमसे कहता है। परमेश्वर दूसरों की आवश्यकताओं को जानता है, और वह यह भी जानता है कि हमें आज, कल और उसके बाद हर दिन क्या चाहिए। यदि हम उसके साथ नियमित संबंध में हैं, जो संपत्ति उसने हमें दी है, उसके प्रति आज्ञाकारी होने के इच्छुक हैं, तो वह विश्वासपूर्वक हमें निवेश करने और उन्हें वितरित करने के लिए निर्देशित करेगा। वास्तव में, पवित्र आत्मा के निर्देशन में देना इतना स्वाभाविक हो जाएगा कि हमारे बाएं हाथों को पता नहीं चलेगा कि हमारे दाहिने हाथों ने क्या किया है। दूसरे शब्दों में कहें तो, देना हमारे जीवन की एक वास्तविकता बन जाएगी।

दूसरा, जब हम प्रार्थना करते हैं (देखें मत्ती 6:5–15), तो हमें ऐसे बात करनी चाहिए जैसे हम वास्तव में परमेश्वर के साथ बात कर रहे हों। जब प्रार्थना केवल देखने वाली जनता के लाभ के लिए है, तो यह पाखंड है। वास्तविक प्रार्थना इतना घनिष्ट होता है कि एक बंद कमरे किया जा सकता है। सच्ची प्रार्थना इस ज्ञान से शुरू होती है कि परमेश्वर हमारी सुन रहा है, भले ही वह पहले से ही हमारी जरूरतों को जानता हो।

यीशु की प्रार्थना का उदाहरण हमें सिखाता है:

- परमेश्वर की प्रभुता को स्वीकार करें।
- उसके नाम को अलग करने के द्वारा उसके प्रभुता के आगे झुकें।

- उसके राज्य को प्राथमिकता दें।
- उसकी इच्छा को प्राथमिकता दें।
- प्रति दिन हमें क्षमा मांगना है।
- प्रति दिन हमें क्षमा करना चाहिए।
- परीक्षा से सुरक्षा की खोज मे रहे।
- बुराई से सुरक्षा की खोज मे रहे।

यीशु क्षमा के महत्व पर जोर देते हैं जब वह जीवन के एक तरीके के रूप में इसकी आवश्यकता को दो बार दोहराते हैं। यह कुंजी है क्योंकि यह हमारे स्वर्गीय पिता के हृदय को प्रतिबिम्बित करती है।

तीसरा, जब हम उपवास करते हैं (देखें मत्ती 6:16–18), तो हमें ऐसा करना चाहिए जैसे कि हम उपवास नहीं कर रहे हो। पाखंडी लोग दिखाने के लिए उपवास रखते है। दूसरी ओर, वास्तविक उपवास, एक स्वस्थ चेहरे को बनाए रखता है। यह स्वर्गीय पिता पर ध्यान केन्द्रित करता है और बदले में, स्वर्गीय पिता द्वारा पुरस्कृत किया जाता है।

अंततः हमें परमेश्वर को दूसरों का न्याय करने देना चाहिए (देखें मत्ती 7:1–6)। यदि हम अपने आप को न्यायियों के रूप में स्थापित करते हैं, तो परमेश्वर हमें हमारे अपने स्तर के अनुसार मापेगा। किसी और की मदद करने से पहले हमें स्पष्ट रूप से देखने में सक्षम होना चाहिए। जब हम केवल परमेश्वर के लिए अपने अच्छे काम करते हैं, तो हम उसकी धार्मिकता की खोज करेंगे।

परमेश्वर की धार्मिकता हमारा आदर्श है

यह महसूस करने के लिए कि हमें एक समस्या है, पहाड़ी उपदेश में यीशु के वचनों को पढ़ने में ज्यादा समय नहीं लगता हैः जबकि यीशु के वचनों का इस दुनिया में हमारे जीवन मे भंडार करने के लिए महत्वपूर्ण नैतिक निहितार्थ हैं, वे इतने कठोर हैं कि वे हमें जीने के लिए असंभव प्रतीत होते हैं। या तो यीशु अतिशयोक्ति का उपयोग कर रहा था, या उसका वास्तव में मतलब था कि हमें पहले उसके राज्य और उसकी धार्मिकता की खोज करनी है। यीशु के वचनों के अनुसार जीने की कठिनाई को मत्ती 5:19–20 में देखा जा सकता हैः

> इसीलिए जो कोई इन छोटी से छोटी आज्ञाओं मे से किसी एक को तोड़े, और वैसा ही लोगो को सिखाए वह स्वर्ग के राज्य मे सबसे छोटा कहलायगा; परन्तु जो कोई उन

> आज्ञाओं का पालन करेगा और उन्हें सिखाएगा, वही स्वर्ग के राज्य मे महान कहलायगा। क्योंकि मैं तुमसे कहता हूँ, कि यदि तुम्हारी धार्मिकता शास्त्रियों और फरीसियों की धार्मिकता से बढ़कर न हो, तो तुम स्वर्ग के राज्य मे प्रवेश करने न पाओगे।

लेकिन हमें एक असंभव आज्ञा देना ठीक वही है जो यीशु करना चाहते थे। वह यह स्पष्ट करना चाहता था कि मानव धार्मिक प्रयास आदम और हव्वा और उनके सभी बच्चों के लिए परमेश्वर द्वारा रचित जीवन जीने के लिए पर्याप्त नहीं होगा। पहाड़ी उपदेश को जीवन के वर्णन के रूप में पढ़नी चाहिए जैसा कि यह है न कि—पाप से भ्रष्ट—लेकिन जैसा कि परमेश्वर ने शुरुआत में इसे बनाया था और एक दिन इसे पूरी तरह से पुनः स्थापित कर देगा।

मत्ती 5:48 हमें ऊपर दिए गए यीशु के वचनों में चुनौती का उत्तर देता है। इस पद में यीशु हमें पहाड़ी उपदेश के अनुसार हमारे जीवन का भण्डार करने की कुँजी देते हैं: "इसलिये तुम सिद्ध बनो, जैसे तुम्हारा स्वर्गीय पिता सिद्ध है।" कई लोग इन शब्दों को एक चुनौती के रूप में या इससे भी बदतर, एक खतरे के रूप में देख सकते हैं। हालाँकि, वे जीवन जीने की कुंजी हैं जैसा कि परमेश्वर ने इसे बनाया है।

हमारे पिता की तरह बनने की आज्ञा का अर्थ है कि हम अपने भीतर अपने पिता से कुछ धारण करते हैं। यीशु में उद्धार से पहले, हमने केवल अपने सांसारिक पिता, आदम के स्वभाव को ही ग्रहण किया था। वह प्रकृति, यद्यपि परमेश्वर के स्वरूप, पाप के द्वारा खराब और भ्रष्ट थी, और उस तरह से नहीं जिस तरह से परमेश्वर ने इसे बनाया था। लेकिन एक बार जब हम यीशु की मृत्यु, गाड़े जाने, और पुनरुत्थान के साथ हमारे विश्वास के द्वारा नया जन्म प्राप्त करते हैं, तो हमारे पास हमारे अस्तित्व के सबसे मध्य भाग में एक नया बीज होता है—हमारे स्वर्गीय पिता का वंश—और यूहन्ना हमें 1 यूहन्ना 3:9 में बताता है कि "जो कोई परमेश्वर से जन्मा है, वह पाप नही करता; क्योंकि उसका बिज उसमे बना रहता है, और वह पाप कर ही नही सकता क्योंकि परमेश्वर से जन्मा है।"

मत्ती 6 और 7 के पहले भाग में, हमने देखा कि कैसे यीशु ने परमेश्वर के साथ हमारे नए जीवन का वर्णन किया: देना, प्रार्थना करना, उपवास करना और सही ढंग से न्याय करना। अब मत्ती 5:1—48 में हम इस जीवन को देखेंगे जैसे कि परमेश्वर ने हमें इसे शुरुआत में जीने के लिए बनाया था, पवित्र आत्मा के मदद से जीवन जो अब हम में रहता है, और जीवन जैसा कि मानव इतिहास समाप्त होने पर या उसके बाद पृथ्वी का अंतिम न्याय पर होगा। यह मार्ग परमेश्वर के राज्य को आगे बढ़ाने के लिए हमारे जीवन का भण्डारण करने

की एक संपूर्ण तस्वीर को चित्रित करता है–यह पाँचवाँ प्रारम्भ मूल्य जो मापता है कि क्या कलीसिया अपने लिए परमेश्वर के उद्देश्य के अनुसार जी रहा है।

हम मत्ती 5:1–12 में शुरू करते हैं, जहां हम देखते हैं कि यह जीवन वास्तव में हमारे आस–पास के आदर्शों से भिन्न होती है। परमेश्वर के लोगों की विचार विशेषताओं की प्रक्रिया दूसरों से भिन्न होती है:

- वे अपनी जरूरत को पहचानते हैं (आत्मा में दीन हैं)।
- वे अपने "हानि" पर शोक मनाते हैं।
- वे परमेश्वर के सामने शांत रहते हैं (नम्र)।
- वे संपूर्णता (धार्मिकता के लिए) को प्राप्त करने के लिए भूखे रहते हैं।
- वे दया करते हैं।
- उनके पास शुद्ध प्रेरणाएँ हैं (मन से शुद्ध हैं)।
- वे शांति को बढ़ावा देते हैं (शांति बनाने वाले हैं)।
- उन्हें संपूर्ण होने के लिए उत्पीडित किया जाता है (धार्मिकता के लिए सताये जाते है)।
- यीशु के प्रति उनकी निष्ठा के कारण उन्हें ठुकरा दिया जाता है (सताये और बुरी तरह से बात की जाती है)।

उनके पुरस्कार, हालांकि, कई हैं:

- वे परमेश्वर का राज्य के अधिकारी होंगे।
- वे अपनी खोई हुई स्थिति में शांति पायेंगे।
- उन्हें दुनिया दी गई है।
- वे पूर्णता से भरे हुए होंगे।
- वे दया प्राप्त करते हैं।
- वे परमेश्वर को देखेंगे।

- वे परमेश्वर के पुत्र कहलायेंगे।
- वे अपने विश्वास की मान्यता प्राप्त करते हैं जब वे भविष्यवक्ताओं को देखते हैं और उनकी समानता को देखते हैं।

मत्ती 5:13–20 में यीशु ने इस जीवन शैली के अपने आसपास की दुनिया पर पड़ने वाले प्रभाव का वर्णन किया है। इस तरह से परमेश्वर के लोग अपने आसपास की दुनिया में सुसमाचार को व्यक्त करने के लिए महत्वपूर्ण हैं।

नमक के रूप में, वे पृथ्वी में प्रवेश करते हैं और मानव जाति में अभी भी परमेश्वर की समानता को संरक्षित करते हैं। वे समझते हैं कि यह कितना महत्वपूर्ण है और अपनी नमकीनता को बनाए रखने के लिए लगन से काम करते हैं। अन्यथा, नमक किसी भी चीज के लये अच्छा नही और केवल फेके और मनुष्य के पैरों तले रोंदे जाने के सिवाय जिसे प्रभावित करने का इरादा किया गया था। वे प्रकाश हैं, ठीक वैसे ही जैसे किसी पहाड़ी पर एक शहर से प्रकाश आता है। ऐसी प्रकाश को यात्री दूर से ही साफ देख सकते हैं। उनका प्रकाश छिपने के लिए नहीं है, बल्कि एक स्टैंड पर रोशनी के रूप में प्रदर्शित होता है, जो सभी को प्रकाश देता है। यीशु हमें प्रोत्साहित करता है, "तेरा प्रकाश चमके" (मत्ती 5:16)। इससे लोग पिता को देखेंगे। हम दुनिया में प्रकाशन, दृढ़ विश्वास और आशा को चमकाते हैं। हमें अपने प्रकाश की प्रेक्षण क्षमता को बनाए रखने के लिए सतर्क रहना चाहिए।

परमेश्वर के लोग भी राज्य की सच्चाई को जीते हैं। यीशु परमेश्वर की धार्मिक योजना से छुटकारा पाने के लिए नहीं आया था; उसे पूरा करने आया था। वह हमें साफ–साफ कहता है, "यह न समझो, कि मैं व्यवस्था या भविष्यद्वक्ताओं को लोप करने आया हूं, लोप करने नहीं, परन्तु पूरा करने आया हूं" (मत्ती 5:17)। जो लोग इन मांगों से छुटकारा पाने की कोशिश करेंगे उन्हें तिरस्कार कर दिया जाएगा; जो उन्हें पूरा करते हैं वे महान हैं। किसी भी पीढ़ी की नाम मात्र की धार्मिकता के लिए, निष्कर्ष शक्तिशाली हैः जब तक हमारी धार्मिकता फरीसियों और वैवास्था के शिक्षकों से अधिक नहीं हो जाती, हम स्वर्ग के राज्य में प्रवेश नहीं कर पायंगे।

मत्ती 5:21–47 में, यीशु ने अपनी स्त्री और पुरुष की रचना में परमेश्वर की रूपरेखा का वर्णन किया है। सबसे पहले, पद 21–26 में, वह उनके व्यक्तिगत संबंधों के बारे में बात करता है, कि अपने भाई के प्रति क्रोध और घृणा को बनाए रखना हत्या के समान ही बुरा है। दुनिया हत्या को मानवीय संबंधों में सबसे खराब व्यवहार के रूप में देखती है, लेकिन पारस्परिक मानवीय संबंधों के लिए परमेश्वर की बुलाहट हमें एक नए स्तर पर ले जाती है। क्रोध न्याय

के योग्य है, जैसे तिरस्कार और अनादर। यह महत्वपूर्ण है कि हम किसी भी धार्मिक अनुष्ठान को करने से पहले किसी ऐसे व्यक्ति के साथ मेल–मिलाप करना है जिसके साथ हमने कोई अपराध किया हो।

पद 27–30 में, यीशु लैंगिक संबंधों का वर्णन करता है जैसा कि परमेश्वर ने उन्हें चाहा था, यह स्पष्ट रूप से बताते हुए कि एक वासनापूर्ण घूरना व्यभिचार के बराबर है। दुनिया सोचती है कि व्यभिचार एक विवाह का सबसे बुरा विश्वासघात है, लेकिन लैंगिक संबंधों के लिए परमेश्वर का बुलाहट हमें फिर से एक उच्च स्तर पर चुनौती देता है। दूसरे व्यक्ति के लिए वासना मानव जाति के लिए परमेश्वर की योजना के विरुद्ध है। इसलिए हमें अपनी आंख को नियंत्रित करना चाहिए या इससे छुटकारा पाना चाहिए; हमें अपने हाथों को नियंत्रित करना चाहिए या उनसे छुटकारा पाना चाहिए। जाहिर है, अगर आंख या हाथ से छुटकारा पाना समाधान होता, तो यीशु दोनों आंखों और दोनों हाथों को हटाने के लिए कहते। लेकिन उसका लक्षण इस बात पर अत्यधिक जोर देता है कि कैसे परमेश्वर ने पुरुषों और महिलाओं के बीच रिश्तों को बनाया। वैवाहिक रिश्तों में प्रवेश करने तक यौन के अभिव्यक्ति को मन और क्रिया में पवित्रता के रूप में चित्रित किया जाना चाहिए।

पद 31–32 में यीशु विवाह के विषय में पुरुष और महिला के रिश्तों के बारे में अधिक विशेष रूप से बोलते हैं, यह स्पष्ट करते हुए कि "जो कोई अपनी पत्नी को व्यभिचार के सिवा किसी और कारण से तलाक दे, तो वह उससे व्यभिचार करवाता है; और जो कोई उस त्यागी हुई से विवाह करे, वह व्यभिचार करता है।"

परमेश्वर पवित्रशास्त्र में बार–बार घोषणा करता है कि तलाक उसकी योजना को धोखा देता है। वह उत्पत्ति 2:18–24 में उस रचना की सुन्दरता का वर्णन करता है:

फिर यहोवा परमेश्वर ने कहा, "आदम का अकेला रहना अच्छा नही; मै उसके लिए एक ऐसा सहायक बनाऊंगा जो उससे मेल खाए।".... तब यहोवा परमेश्वर ने आदम को भारी नींद मे डाल दिया, और जब वह सो गया तब उसने उसकी एक पसली निकालकर उसकी जगह मांस भर दिया। और यहोवा परमेश्वर ने उस पसली को जो आदम मे से निकली थी, स्त्री बना दिया; और उसको आदम के पास ले आया। तब आदम ने कहा, अब यह मेरी हड्डियों में कि हड्डी और मेरे मांस मे का मांस है; इसीलिए इसका नाम नारी होगा, क्योंकि यह नर मे से निकाली गयी है।" इस कारण पुरुष अपने माता–पिता को छोड़कर अपनी पत्नि से मिला रहेगा, और वे एक ही तन बने रहेंगे।

परमेश्वर ने जो विवाह रिश्ता बनाया है वह इतना मजबूत है कि केवल व्यभिचार (या मृत्यु) ही उस एकता को तोड़ सकता है। वह एकता इतना मजबूत है कि यीशु ने निष्कर्ष निकाला कि तलाक वास्तव में व्यभिचार का कारण बनता है।

33–37 पद में यीशु लोगों के बीच भरोसे के रिश्तों के बारे में बात करते है। वह हमें आज्ञा देता है कि तुम शपथ न खाना, परन्तु तुम्हारी 'हाँ' की 'हाँ' और 'नहीं' की 'नहीं' हो; "क्योंकि जो कुछ इससे अधिक होता है वह बुराई से होता है" (मत्ती 5:37)। यह लगभग वैसा ही है जैसे यीशु कह रहे हैं, "तुम अपने को कौन समझते हो? एक–दूसरे के साथ आपके रिश्ते इतने खराब हो गए हैं कि जब आप चाहते हैं कि किसी चीज को गंभीरता से लिया जाए, तो आप पवित्र की कसम खाते हैं, मेरी प्रभुता को मानते हैं, और एक शपथ लेते हैं, जिस पर आपका कोई नियंत्रण नहीं है। "

दुनिया एक शपथ को एक वास्तविक और मजबूत वादा मानती है, लेकिन परमेश्वर मनुष्य को उस तरह की प्रभुता नहीं देता है। मनुष्य ये नहीं जानता कि क्या वह तत्वों जो उसकी शपथ में आते हैं उसको नियंत्रित कर सकता है; उसका इस पर कोई नियंत्रण नहीं है कि वह जीवित भी रहेगा या नहीं। सो यीशु ने कहा, "कभी शपथ न खाना; न तो स्वर्ग की, न पृथ्वी कि, न यरूशलेम की, न अपने सिर की। इसके बजाय, अपने वचन को उस एकमात्र प्रभुता को प्रतिबिंबित करने दें जो वास्तव में आपके पास है–हाँ और केवल आज के लिए नहीं।"

43–47 पद में यीशु बिना सोचे समझे किये गए अपराधों को एक कदम आगे ले जाता है और उन्हें उन लोगों में व्यक्तिगत करता है जिन्हें हम वास्तव में जानते हैं जो हमें नुकसान पहुंचाना चाहते हैंः "तुम सुन चुके हो की कहा गया था, अपने पडोसी से प्रेम रखना, और अपने बैरी से बैर। परन्तु मैं तुम से यह कहता हूं, कि अपने बैरियों से प्रेम रखो, और अपने सतानेवालों के लिये प्रार्थना करो, जिससे तुम अपने स्वर्गीय पिता के संतान ठहरोगे" (मत्ती 5:43–45)। दुनिया सिर्फ अपने दोस्तों की परवाह करती है। लेकिन परमेश्वर का आदर्श इसके विपरीत हैः हमें अपने शत्रुओं से प्रेम करना है और वास्तव में, उनके लिए प्रार्थना करना है। हमें अपने स्वर्गीय पिता की संतान बनना है। परमेश्वर की भलाई अच्छी और बुरी दोनों तरह से पूरी पृथ्वी पर जाती है, इसलिए हमें उसका प्रेम देती है जिससे हम अपने शत्रुओं से भी प्रेम कर सकते हैं। परमेश्वर के लोगों को सभी से प्रेम और अभिवादन करना चाहिए, खासकर तब जब हमारे पास हासिल करने के लिए व्यक्तिगत कुछ भी न हो।

यीशु इस नए भण्डारीपन के जीवन को जीने की महत्वपूर्ण कुंजी के साथ 48 पद में समाप्त करते हैंः "इसलिये चाहिये कि तुम सिद्ध बनो, जैसा तुम्हारा स्वर्गीय पिता सिद्ध है।" कलीसिया के रूप में जीने की हमारी क्षमता जीने के लिए बुलायी गयी है, केवल हमारे पिता की सिद्ध धार्मिकता में पाई जाती है। परमेश्वर ने अपने बच्चों में जो नया जन्म दिया है, वह हमारे लिए इस तरह से जीना संभव बनाता है; हमारा पिता सिद्ध है, और हम उसके समान बनने के लिए रचे गए हैं।

पौलुस के शब्दों में

इफिसियों 4:17–6:9 में पौलुस भण्डारीपन के इसी जीवन का वर्णन करता है।

सबसे पहले 4:17–5:7 में, जैसा कि यीशु ने कहा, यह जीवन हमारे आस–पास के आदर्शों से अलग दिखता है। हम अपने पिता आदम से विरासत में मिली सोच की व्यर्थता में दुनिया की तरह नहीं जी सकते। वह सोच अंधकारमय हो जाती है, ईश्वर की सोच से अलग हो जाती है, संवेदनशीलता से रहित हो जाती है और पूरी तरह से स्वयं और उसके आसक्ति को सौंप दी जाती है। मसीह के पास हमारा आना इसकी अनुमति नहीं देगा। इसके बजाय, हमें वैसा ही बनना है जैसा हम बनने के लिए नये बनाये गए हैं–सच्ची धार्मिकता और पवित्रता में परमेश्वर के समान। हमें उसके पुत्र, यीशु के समान बनना है, क्योंकि इसी तरह से हमारा नया जन्म हुआ है। हमें "प्रेम में चलना है, जैसा कि मसीह ने हम से प्रेम किया, और हमारे लिये अपने आप को सुखदायक सुगंध के लिये परमेश्वर के आगे भेंट करके बलिदान कर दिया" (इफि. 5:2)।

पौलुस पहाड़ी उपदेश में यीशु के वचनों की समानता करते हुए चला जाता है। इस नए जीवन का इसके आसपास के संसार पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है (देखें 5:8–17)। यह व्यक्तिगत रिश्तों (देखें 5:18–21), वैवाहिक रिश्तों (देखें 5:22–33), पारिवारिक रिश्तों (देखें 6:1–4), और बाहरी रिश्तों (देखें 6:5–9) में नर और नारी के रूप में परमेश्वर की रचना में परमेश्वर की योजना को व्यक्त करते हैं। इन पदों से बहुत कुछ लिया जा सकता है, लेकिन मैं कुछ महत्वपूर्ण निष्कर्षों पर प्रकाश डालूंगा।

सबसे पहले, यह जीवन हमें यीशु में दिया गया है। उसके साथ हमारी मृत्यु, गाड़े जाने और पुनरुत्थान के बिना, कोई नया जीवन नहीं हो सकता। यह यूहन्ना 3 में नीकुदेमुस के लिए रहस्य था। जैसा कि यीशु ने उससे कहा, "मैं तुम से सच सच कहता हूं, जब तक कोई मनुष्य जल और आत्मा से न जन्मे, तो वह परमेश्वर के राज्य में प्रवेश नहीं कर सकता" (यूहन्ना 3:5), नीकुदेमुस ने उसको उत्तर दिया, "ये बातें कैसे हो सकती हैं?" (यूहन्ना 3:9)।

दूसरा, यह जीवन हमारे आसपास की दुनिया के जीवन से मेल नहीं खाता। जब हम मसीह के पास आते हैं, तो हमारे सभी मानवीय रिश्ता बदल जाते हैं; नम्रता अब उन सभी के मूल हो जाती है। इसलिए पौलुस हमें कहता है कि "मसीह के भय से एक दूसरे के आधीन" रहो (इफि. 5रू21)। आपसी समर्पण रहस्य संबंधित अंतर्निर्भरता बनाता हैः पति अपनी पत्नियों को अपने शरीर के रूप में प्रेम करते हैं। पत्नियां अपने पतियों को स्वतंत्र रूप से सम्मान देती हैं। बच्चे अपने माता–पिता को सम्मान और आज्ञाकारिता देते हैं। यहाँ तक कि बहार में भी,

व्यवसाय प्रथाओं को उल्टा कर दिया जाता है क्योंकि मालिक अपने कर्मचारियों (दासों) के साथ सम्मान के साथ व्यवहार करते हैं और कर्मचारी अपने मालिकों के साथ उसी सेवा के साथ व्यवहार करते हैं जो वे परमेश्वर के साथ करते है।

तीसरा, इस जीवन को हमें ही चुनना चाहिए। परमेश्वर के राज्य के वृद्धि के लिए हमारे जीवन को भण्डार करने की क्षमता हमारे लिए परमेश्वर के द्वारा अपने पुत्र को भेजने और पुत्र में पाए जाने वाले उद्धार को प्राप्त करने वालों में अपनी आत्मा को डालने के कारण संभव हुई है। हालांकि, हमें इस पर कार्य करनी चाहिए। रोमियों 6:11–14 में पौलुस इसे स्पष्ट करता हैः

